**न्यूज ब्रीफ**

### अग्रवाल ब्रदर्स पेट्रोल पंप पर एक माह के भीतर दो बार ठगी

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** बिलग्राम-कन्नौज बाईपास पर स्थित अग्रवाल ब्रदर्स पेट्रोल पंप पर एक माह के भीतर दो बार ठगी की घटनाएँ सामने आई हैं। लगातार हुई इन घटनाओं से पेट्रोल पंप प्रबंधन और कर्मचारियों में आक्रोश के साथ चिंता का माहौल है। दोनों ही मामलों में बाहरी राज्य हरियाणा नंबर की गाड़ियाँ पेट्रोल पंप पर आईं और वाहन में तेल भरवाने के बाद बिना भुगतान किए मौके से फरार हो गईं। जानकारी के अनुसार पहली घटना में ठगों ने करीब एक हजार रुपये का पेट्रोल भरवाया और कर्मचारियों को गुमराह कर गाड़ी लेकर फरार हो गए। वहीं दूसरी घटना में करीब 4200 रुपये का तेल डलवाकर चालक तेज रफ्तार में बाईपास की ओर निकल गया। कर्मचारियों को जब तक ठगी का अहसास हुआ, तब तक वाहन काफी दूर जा चुका था। इस संबंध में अग्रवाल ब्रदर्स पेट्रोल पंप के मुनीम शैलेंद्र सिंह कुशवाहा ने बताया कि दोनों बार गाड़ियाँ सामान्य ग्राहकों की तरह आईं और तेल भरवाने के बाद भुगतान किए बिना भाग निकलीं। कर्मचारियों ने पीछा करने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। पेट्रोल पंप प्रबंधन की ओर से मामले की शिकायत पुलिस को दी गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालने के साथ ही वाहन नंबरों की पहचान कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है। लगातार हो रही घटनाओं से अन्य पेट्रोल पंप संचालकों ने भी सतर्कता बढ़ाने की मांग की है।

# वर्षों से खराब पड़ा, झाड़ियों में घिरा हैंडपंप खोल रहा सरकारी तंत्र की पोल

जुबेर खान, पिहानी, हरदोई

- भीषण गर्मी में कभी यही नल होता था प्यास बुझाने का साधन

**अमृत विचार।** विकास खंड क्षेत्र के पंडरवा किला स्थित ईदगाह के पीछे पंडरवा-देहलिया मार्ग पर लगा सरकारी नल पिछले 7-8 वर्षों से बंद पड़ा है। कभी भीषण गर्मी के मौसम में यह नल राहगीरों, खेतों में मजदूरी करने वाले किसानों और बागवानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं था। आसपास के कामगार लोग इसी नल से ठंडा पानी पीकर अपनी प्यास बुझाते थे, राहगीरों के लिए भी यह बड़ा सहारा था।

स्थानीय लोगों के अनुसार इस मार्ग से वे लोग अधिक गुजरते हैं जिनके पास खुद के साधन होते हैं या जो साइकिल से यात्रा करते हैं। बड़ी संख्या में बुजुर्ग, महिलाएं और पुरुष भी रामपुर गांव से पिहानी जाने के लिए इसी रास्ते का सहारा लेते हैं। रामपुर, कुरसंडा और देहलिया क्षेत्र के कई ग्रामीण, जिनके पास बाइक जैसी सुविधा नहीं होती, पैदल चलकर पंडरवा तक पहुंचते हैं और वहां से बस पकड़कर हरदोई, पिहानी, जहानीखेड़ा व मैगलगंज की ओर जाते हैं। ऐसे यात्रियों के लिए गर्मियों में रास्ते में लगा यही सरकारी नल प्यास बुझाने का मुख्य साधन हुआ करता था। समय बीतने के साथ जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण आज वही नल झाड़ियों में पूरी तरह गुम हो चुका है। जहां कभी पानी भरने और राहगीरों की आवाजाही से चहल-पहल रहती थी, आज वहां सन्नाटा पसरा हुआ है और लोगों को पीने के पानी की सुविधा नहीं मिल पा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग से पिहानी ब्लॉक के अधिकारी, कर्मचारी और ग्राम पंचायत सचिव भी गुजरते होंगे, फिर भी वर्षों से झाड़ियों में दबा यह सरकारी नल क्या उनकी नजर में नहीं आया? ग्रामीण सवाल उठा रहे हैं कि क्या जिम्मेदारों को यह बदहाल नल दिखाई नहीं देता या फिर देखकर भी अनदेखा किया जा रहा है। क्षेत्रीय लोगों ने विकासखंड पिहानी के अधिकारियों, ग्राम पंचायत व संबंधित विभाग से मांग की है कि जल्द झाड़ियों की सफाई कराकर बंद पड़े सरकारी नल की मरम्मत कर उसे पुनः चालू कराया जाए, ताकि आने वाले गर्मी के मौसम में राहगीरों, मजदूरों, बुजुर्गों और महिलाओं को राहत मिल सके।



झाड़ियों के बीच बदहाल पड़ा इंडिया मार्का सरकारी हैंडपंप। अमृत विचार

### नाबालिग बेटी को भगा ले जाने का आरोप

**सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 6 फरवरी को वह किसी काम से घर से बाहर गया था। तभी बांगरमऊ क्षेत्र के गांव सुलतानपुर निवासी अंसार पुत्र भूरा उसकी नाबालिग बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। जब वह घर लौटा तो बेटी घर में नहीं थी। पिता ने बताया कि बेटी की तलाश करते हुए जब वह आरोपी अंसार के घर पहुंचा तो वहां मौजूद लोगों ने उससे गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। साथ ही यह कहकर भगा दिया कि उसकी लड़की वहां नहीं है। एसओ एसएन त्रिपाठी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# बस से कुचल कर भाई की हत्या के आरोपी ने दी जान

## ज़ायदाद के बंटवारे को लेकर 9 सितंबर को हुई थी वारदात

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** पुश्तैनी ज़ायदाद के बंटवारे को ले कर बड़े भाई को बस से कुचल कर उसे मार डालने वाला हत्यारोपी छोटा भाई पुलिस की पकड़ से फरार चल रहा था, शुक्रवार की उसी हत्यारोपी ने बाग़ में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली, पुलिस ने शनिवार की सुबह उसका शव बरामद कर जांच शुरु कर दी है।

बघौली थाने के कटका मजरा बर्रा धूमन निवासी गुड्डू (55) को मकरंदपुर मजरा लोधी निवासी फूफा नन्हे ने गोद ले रखा था। उन्होने अपना 65 बीघा खेत भी उसी के नाम कर दिया था, जबकि उसके दो बड़े भाई रामबाबू तिवारी व राकेश तिवारी गांव में ही रहते रहे। गुड्डू फूफा का दिया हुआ सारा खेत बेंचकर पत्नी व बच्चों के साथ बघौली चौराहे पर रहने लगा। बताते हैं कि गुड्डू अपने बड़े भाइयों पर पुश्तैनी जायदाद के बंटवारे का दबाव बना रहा था। उसी बात पर वह अपने बड़े भाई राकेश तिवारी से रंजिश मानने लगा था। गुड्डू पर आरोप था कि उसने बस ड्राइवर इलियास से सांठगांठ कर 9 सितंबर की शाम राकेश को घर से बाहर बुलाया और धोखे से बस चढ़ा दी, जिससे राकेश की वहीं पर मौत हो गई थी, उसी मामले में पुलिस हत्यारोपी इलियास को गिरफ्तार करने के बाद दूसरे हत्यारोपी गुड्डू की तलाश में थी, लेकिन वह फरार चल रहा था।

# रंजिश में गाली-गलौज व मारपीट का आरोप, केस

संवाददाता, बिलग्राम, हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पसनेर में जमीनी रंजिश में जातिसूचक गालियां देने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम पसनेर निवासी सावेन्द्र कुमार ने कोतवाली बिलग्राम में दी गई तहरीर में बताया कि गांव के ही निवासी छोटे उर्फ अखिलेश उससे जमीनी विवाद को लेकर रंजिश मानता है। आरोप है कि 20 जनवरी को बजे आरोपी ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। विरोध करने पर आरोपी ने हमला किया। घटना में पीड़ित के हाथ में चोटें आईं, वहीं शरीर में आंतरिक चोटें भी बताई गई हैं। पीड़ित ने घटना के बाद थाने पहुंचकर प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। मामले में प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार राय के आदेश पर पुलिस ने अभियोग पंजीकृत कर लिया है। पुलिस का कहना है कि प्रकरण की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### बिलग्राम में देर रात तक ठप रही विद्युत आपूर्ति

**बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार।** नगर में पिछले 12 घंटे से विद्युत आपूर्ति पूरी तरह ठप होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। शनिवार सुबह करीब 5 बजे अचानक बिजली गुल हो गई, जो समाचार लिखे जाने तक बहाल नहीं हो सकी। लंबे समय तक बिजली न आने से आम नागरिकों, दुकानदारों और छात्रों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली न होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, वहीं पानी की सप्लाई, मोबाइल चार्जिंग और इन्वर्टर व्यवस्था भी ठप हो गई है। विद्युत आपूर्ति बाधित होने का सीधा असर स्वास्थ्य सेवाओं पर भी पड़ा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्स-रे सहित अन्य जांच कार्य बिजली के अभाव में ठप रहे। मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ा। इस संबंध में अवर अभियंता (जेई) संतोष कुमार ने बताया कि फरदापुर गांव में देर रात हुए सड़क हादसे में विद्युत पोल टूट जाने से आपूर्ति बाधित हुई है। सूचना मिलते ही विभागीय टीम को मौके पर भेजा गया और मरम्मत कार्य जारी है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी।

**नोटिस नमूना आम**

**न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय न्यायिक महाराजगंज रायबरेली**

**ईश्वरदीन आदि**.............. 'वादी

बनाम

**अजय कुमार आदि**............... 'प्रतिवादी

**बनाम** श्री अजय कुमार व आजाद पुत्रगण रामफेर निवासी पूरे नया मजरे चन्दापुर परगना सेमरौता तहसील महराजगंज रायबरेली

चूंकि ऊपर नामंकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अंतर्गत धारा 24 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता 2006 अतयेव आपको एतद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ़ किसी प्रकार की भी कोई आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते हैं तो आप दिनाक 18/02/2026 को दिन के 11 बजे पूर्वाह्न इस न्यायालय में उपस्थित स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिस्त अपने अधिवक्ता द्वारा उप संजात हो और यदि आप ऐसा करने में असफल रहे तो उक्त आवेदन की सुनवाई एक पक्षीय करके वाद निर्णत कर दिया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 04/02/2026 को प्रकाशन हेतु जारी की गई।

**हस्ताक्षर**
**न्यायालय उपजिलाधिकारी न्यायिक महाराजगंज रायबरेली**

**नोटिस नमूना आम**

**न्यायालय श्रीमान तहसीलदार महोदय लालगंज रायबरेली**

**वाद संख्या. ..सन.ई**

**वादी /प्रार्थी राम सुमेर**

**बनाम**

**गंगा प्रतिवादी / विपक्षी**

देशराज पुत्र सूर्य बली निवासी सराय बैरिहा खेड़ा पोस्ट मलके गांव तहसील लालगंज रायबरेली

चूंकि ऊपर नामांकित वादी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि वी/एस 34/35 उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता अतएव आपको एतदद्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप आवेदन के खिलाफ किसी प्रकार की भी कोई आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते है तो आप दिनांक 20 माह 02 सन 2026 ई को दिन में 10 बजे पूर्वान्ह में इस न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और यदि आप ऐसा करने में असफल रहे तो उक्त आवेदन की सुनवाई एक पक्षीय करके वाद निर्णत कर दिया जाएगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक .05.. माह...02 सन .2026... ई को जारी की गई।

**हस्ताक्षर पीठासीन अधिकारी तहसीलदार न्यायालय लालगंज रायबरेली।**

# बिहार निवासी युवक के शव की शिनाख्त के तीसरे दिन पोस्टमार्टम

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** एम्बुलेंस-108 से 100 बेड हास्पिटल पहुंचाए गए युवक की गुरुवार को वहीं मौत हो गई थी, उसके बाद कांस्टेबिल की कड़ी भाग-दौड़ से युवक की शिनाख्त हो सकी और शनिवार को पोस्टमार्टम के बाद शव के सुपुर्द किए जाने के बाद बिहार से आए उसके घर वालो.ने उसी कांस्टेबिल की मदद सेशव का अंतिम संस्कार कर बिहार रवाना हो गए।

बतातें चलें कि गुरुवार को एम्बुलेंस-108 एक 30 वर्षीय युवक को कछौना से ले कर 100 बेड हास्पिटल पहुंची, जहां उसकी मौत हो गई। सूचना पर कोतवाली देहात में तैनात कांस्टेबिल आरिफ 100 बेड हास्पिटल पहुंचे और शव को वहां ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड की मदद से पोस्टमार्टम हाउस पहुंचाया, उसके बाद कछौना पुलिस से युवक के बारे में पूरी जानकारी इकट्ठा कर बिहार के बखरी ज़िला बेगुसराय निवासी चुनमुन महतो से बात की, चुनमुन ने युवक कन्हैया कुमार बताते हुए कहा था कि वह सण्डीला इंडस्ट्रियल स्टेट में प्लाइवुड कंपनी में नौकरी करता था। कन्हैया कुमार का भाई चुनमुन और भतीजा अभिषेक बिहार से रेलवे स्टेशन पहुंचा, वहां से कांस्टेबिल आरिफ उनको होटल में अपने पैसों से चाय-नाश्ता कराया और कोतवाली ले जा कर उन्हें खाना खिलाया, साथ ही ठहरने का बंदोबस्त किया। शनिवार कांस्टेबिल आरिफ ने पोस्टमार्टम के बाद शव कन्हैया कुमार के भाई के सुपुर्द करते हुए उसके अंतिम संस्कार तक का पूरा बंदोबस्त कराया। चुनमुन और अभिषेक कांस्टेबिल आरिफ के नेक बर्ताव की तारीफ करते नहीं थक रहे थे।



कन्हैया कुमार की फाइल फोटो।

### निषाद समाज को अनुसूचित जाति की श्रेणी में शामिल करने की मांग

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद के नेतृत्व वाली निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद पार्टी) के दर्जनों कार्यकर्ता शनिवार को झंडा, बैनर व पोस्टर लेकर तहसील पहुंचे और प्रदर्शन करते हुए निषाद समाज को पिछड़े वर्ग की सूची से हटाकर अनुसूचित जाति की श्रेणी में शामिल करने की मांग की। पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता तोताराम निषाद के नेतृत्व में तहसील आए प्रदर्शन कारियों ने कहा कि निषाद समाज लंबे समय से सामाजिक व आर्थिक शोषण का शिकार रहा है। इसके बावजूद इस कौम को संवैधानिक अधिकार नहीं मिल पाए हैं। कार्यकर्ताओं ने भारत सरकार के महा रजिस्ट्रार व आयुक्त कार्यालय का हवाला देते हुए कहा कि 16 जून 2025 को जारी आदेश व 8 जनवरी 2022 के शासनादेश के अनुसार मांझी, केवट, मल्लाह आदि जातियों के संबंध में पारित आदेश का अनुपालन पूरे प्रदेश में सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

### निपुण एसेसमेंट में बच्चों को दी जानकारी

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** क्षेत्र के गांव धन्नापुरवा सकरौली के कंपोजित विद्यालय में कक्षा एक व दो के बच्चों का निपुण एसेसमेंट डायट प्रवक्ता, निपुण सेल प्रभारी डॉ. उमा प्रसाद पटेल व एआरपी अनुज विश्वकर्मा की देखरेख में संपन्न हुआ। इसमें कक्षा एक व दो के शत-प्रतिशत बच्चों को निपुण घोषित किया गया। डायट डीएलएड प्रशिक्षु आवेश वर्मा ने कक्षा एक व दो के बच्चों का निपुण एसेसमेंट किया। डॉ. पटेल ने बताया कि निपुण आकलन किसी प्रकार की परीक्षा नहीं है बल्कि बच्चों की वास्तविक सीख को समझने का एक प्रभावी माध्यम है। कहा कि इसमें शिक्षक की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है क्योंकि निरंतर आकलन व बच्चों के स्तर के अनुसार मार्गदर्शन से ही उन्हें निपुण लक्ष्य तक पहुंचा जा सकता है।

# विवाह के आठ माह बाद युवती की मौत, जांच शुरू

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** शादी के 8 महीनें बाद दुल्हन की संदिग्ध हालत में मौत हो गई, हालांकि पुलिस को दी गई तहरीर में फांसी लगाने की बात कही गई है, इसका पता होने पर पुलिस के साथ पहुंची फोरेंसिक टीम ने जांच शुरु कर दी, वहीं नायब तहसीलदार राजेश कुमार ने इस बारे में पूछताछ करते हुए अपनी मौजूदगी में शव का पंचनामा कराया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बताया गया है कि सवायजपुर कोतवाली के बरहुली गांव निवासी विकास सिंह की 20 वर्षीय पत्नी गौरी की शुक्रवार को संदिग्ध हालत में मौत हो गई, उसकी शादी 8 महीनें पहले ही हुई थी। इस बारे में अनिल सिंह पुत्र छविनाथ सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में गौरी को अपने चाचा की बहू बताते हुए कहा है कि उसने घर के अंदर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। दी गई तहरीर पर पुलिस के साथ बरहुली गांव पहुंची फोरेंसिक टीम ने जांच शुरु कर दी, वहीं नायब तहसीलदार राजेश कुमार ने गौरी के ससुराल और उसके पड़ोसियों से इस बाबत ज़रूरी पूछताछ करते हुए अपनी मौजूदगी में शव क पंचनामा कराया। पुलिस का कहना है कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है, रिपोर्ट और उसके मायके वालों की तहरीर आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**अमृत विचार**
**क्लासीफाइड**
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

# माहवारी के समय स्वच्छता व सावधानी जरूरी

- शिविर में छात्राओं को स्वास्थ्य व स्वच्छता को लेकर किया जागरूक

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** क्षेत्र के गांव बेरिया गाड़ा स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में छात्राओं के स्वास्थ्य व स्वच्छता को लेकर जागरूकता शिविर हुआ। इसमें महिला चिकित्सक डॉ. प्रिया सिंह ने छात्राओं को माहवारी के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों व स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया।

डा. प्रिया सिंह ने कहा कि माहवारी एक सामान्य जैविक प्रक्रिया है लेकिन इस दौरान बरती गई लापरवाही गंभीर बीमारियों का कारण बन सकती है। बताया कि हमेशा साफ-सुथरे सैनिटरी पैड का ही उपयोग करें। यदि सूती कपड़े का उपयोग कर रही हैं तो उसे अच्छी तरह धोकर तेज धूप में सुखाना जरूरी है। इसमें छात्राओं ने चिकित्सक से अपनी समस्याओं व भ्रांतियों के बारे में प्रश्न भी पूछे। जिनका डॉक्टर ने बड़े ही सरल ढंग से सभी प्रश्नों के उत्तर दिए। विद्यालय प्रशासन ने सुनिश्चित किया कि छात्राओं को सैनिटरी पैड व अन्य जरूरी स्वच्छता सामग्री नियमित रूप से उपलब्ध कराई जाती रहेगी। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रहीं।



शिविर में छात्राओं को जानकारी देती महिला चिकित्सक। अमृत विचार

### भंडारे के साथ श्रीमद्भागवत कथा का समापन

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** क्षेत्र के गांव हसनपुर में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शनिवार को विशाल भंडारे के साथ समापन हो गया। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने के लिए क्षेत्र के श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। हसनपुर गांव निवासी सुरेन्द्र कटियार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ बीती 31 जनवरी को कलश यात्रा के साथ हुआ था। बीते 7 दिनों तक लगातार वृंदावन धाम की कथावाचिका देवी दीक्षा अवस्थी ने भगवान के अनेक कथानकों पर आधारित भक्तिमय कथा का रसपान कराया। अंत में बीती 5 फरवरी को शोभायात्रा निकाली गई थी और 6 फरवरी को स्थापना दिवस मनाया गया। शनिवार को हवन, कन्याभोज व विशाल भंडारा आयोजित हुआ। इस अवसर पर आयोजक सहित तमाम श्रद्धालुओं ने माल्यार्पण व दक्षिणा अर्पित कर भागवताचार्य का अभिनंदन किया।



कथा सुनातीं कथावाचिका।

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक (FS), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा आलमनगर गुड्स शेड की यांत्रिक सफाई और हाउसकीपिंग के कार्य हेतु ई-निविदा जेम-पोर्टल के माध्यम से आमंत्रित की गई है, जिसमें भाग लेने की अंतिम तिथि दिनांक 10.03.2026 को प्रातः 11:00 बजे तक है। जिसका विवरण निम्नलिखित है –

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | GEM/2026/B/7190389 दिनॉक– 06.02.2026 |
| 2 | कार्य का नाम | आलमनगर गुड्स शेड की यांत्रिक सफाई और हाउसकीपिंग का कार्य |
| 3 | अनुमानित लागत | 88,423,22.80 (रुपये अठासी लाख बयालीस हज़ार तीन सौ बाईस और अस्सी पैसे मात्र) |
| 4 | धरोहर राशि | 1,76,850 (एक लाख छिहत्तर हज़ार आठ सौ पचास मात्र) |
| 5 | कार्य की अवधि | तीन वर्ष (1095 दिन) |
| 6 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 10.03.2026 समय 11:00 बजे |
| 7 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 10.03.2026 समय 11:30 बजे |
| 8 | वेबसाईट | www.gem.gov.in |
| 9 | पात्रता की शर्तें | निविदा प्रपत्र के अनुसार |

नोट :– ई-निविदा प्रस्तावों के खुलने के उपरांत निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के प्रपत्र अथवा दस्तावेज स्वीकार नहीं किये जायेगें। यहाँ तक कि निविदादाता द्वारा स्वप्रेरणा (Suo-moto) से निविदा खुलने के बाद प्रस्तुत किए गए अतिरिक्त दस्तावेज़ भी शून्य एवं अमान्य माने जाएंगे।" 433/2026

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

**सूचना**

मैं सिपाही शिव कुमार पुत्र श्री जगदीश सिंह भारतीय सेना में तैनात हु। मेरा सेना रिकार्ड में मेरे पिता की जन्मतिथि 01.01.1971 गलती से दर्ज हो गई थी, जबकि पिता के सभी प्रपत्रों में जन्मतिथि 01.01.1964 है। अब मैं अपने पिता की सेना आधिकारिक रिकार्ड में पिता की सही जन्मतिथि 01.01.1964 दर्ज कराना चाहता हु। **शिव कुमार पुत्र जगदीश सिंह निवासी ग्राम अलीपुर पो० असालताबाद, छिबरामऊ (कन्नौज)।**

**सूचना**

मैं **सुगम कुमार पुत्र कृष्णकान्त, निवासी– मुह0 नवीननगर बाबरपुर तहसील अजीतमल जिला औरैया।** मेरे बचत खाता सं0 2771645558 में मेरा नाम कृष्णकान्त दर्ज हैं। जबकि आधार कार्ड व अन्य कागजातों में मेरा नाम सुगम कुमार दर्ज है। मेरे खाता सम्बन्धी समस्त कागजातों में मेरा नाम कृष्णकान्त की जगह सुगम कुमार संशोधित कर संशोधित पासबुक जारी किया जाय।

**सूचना**

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि, मैं PHURBA TAMANG S/O BAM BAHADUR TAMANG R/O LOWER LINGSEBONG- DARJEELING BANS BOTEY WEST BANGAL 734201- मेरे पुत्र ARMY NO JC6357 O9y- RANK SUB. UNIT-11 GRRC के सर्विस रिकार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम एवं D.O.B FURBA TAMANG -DOB 14/Nov/1945 हो गया है। जब कि मेरा सही व वास्तविक जन्मतिथि PHURBA TAMANG-D.I.O.B 17/MAR/1954 है।

**सूचना**

मेरा नाम नीलम कुमारी था, विवाह के बाद श्रीमती नीलम सिंह परिहार हो गया है अब हमें श्रीमती नीलम सिंह परिहार के नाम से जाना वह पहचान जाए। **पत्नी श्री रजत परिहार, पुत्री श्री चंद्रपाल सिंह निवासी एल आई जी ,115 0– आवाज –विकास– 3 कल्याणपुर कानपुर नगर**

**सूचना**

मैने अपना नाम KM.QAMMAR JABIN से बदलकर QAMAR RIZVI रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।W/0-SYED ARSHAD HUSAIN RIZVI R/0-182/055A MASHAKGANJ AMINABAD, DIST-LUCKNOW-226018 (U.P.)

**सूचना**

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि मैं 'SANJEETA TAMANG पत्नी श्री LAKPA TAMANG निवासनी UPPAR HARING HATTA DARJEELING, PUL BAZAR WEST BANGAL 734105 मेरे पति ARMY NO JC635709Y- RANK-SUB UNIT 11 GRRC के सर्विस रिकार्ड में त्रुटिवश SANJEETA TAMANG हो गया है। मेरा सही व वास्तविक नाम SANJEETA TAMANG है।

# कलयुग में प्राणियों को भव से पार करने का आसान माध्यम है भागवत कथा : कथाव्यास

**फतेहपुर चौरासी उन्नाव, अमृत विचार।** मां कालिका देवी मंदिर पर श्रीमद्भागवत कथा के प्रारंभ पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कथा के प्रथम दिवस पर कथावाचक ने भागवत कथा की महिमा पर प्रकाश डाला। गांव नरीगाड़ा में शनिवार को कलश यात्रा मंदिर से शुरू होकर गांव भ्रमण के साथ गंगा नदी से जल लेकर वापस मंदिर आई। कथा के पहले दिन मां भुवनेश्वरी धाम के पीठाधीश्वर नीरज स्वरूप ब्रह्मचारी ने भागवत कथा के महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कलियुग में प्राणियों को भव से पार करने के लिए सबसे आसान है। कहा कि भागवत कथा सुनने मात्र प्राणी का कल्याण हो जाता है। रात्रि में कृष्ण लीला में कृष्ण जन्म की लीला का मंचन हुआ। यात्रा में आचार्य शिवम द्विवेदी, रेखा, सोनू विश्वकर्मा, सुधीर विश्वकर्मा, दिनेश पांडेय, जगदीश शुक्ला, अभिषेक आदि रहे।



कलश यात्रा में शामिल होते भक्त। अमृत विचार

### एसआईआर के बाद जारी नोटिस प्रक्रिया सरल की जाए

**बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता सलीमुर्रहमान ने एसआईआर के बाद चुनाव आयोग द्वारा मतदाताओं को जारी की गई नोटिस के बाद की प्रक्रिया सरल करने की मांग की है। कहा कि नोटिस में जिन दस्तावेजों की मांग की जा रही है वे अधिकांश मतदाताओं के पास उपलब्ध नहीं हैं। ग्रामीण क्षेत्रों व गरीब तबके के लोगों के लिए ऐसे दस्तावेज जुटाना कठिन साबित हो रहा है।

**लखनऊ नगर निगम**

3, त्रिलोकनाथ मार्ग, लालबाग, लखनऊ. ई-टेण्डर पोर्टल: https://etender.up.nic.in

ई-निविदा सू0सं0: 387/मु0अ0/25-26 दिनांक: 07.02.2026

**ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत पुनः निविदा सूचना**

ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत लखनऊ नगर निगम द्वारा टू-बिड सिस्टम पर दिनांक 20.02.2026 को 01 कार्य हेतु पुनः ई-निविदा, ई-निविदा पोर्टल https://etender.up.nic.in पर आमंत्रित की जाती हैं, पोर्टल https://etender.up.nic.in पर निविदा के साथ जमानत धनराशि एवं निविदा प्रपत्र की धनराशि आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0/इण्टरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल https://induscollect.indusind.com/pay/index.php पर लॉगिन करके जमा किया जायेगा। ई-निविदा दिनांक 20.02.2026 को अपराह्न 15:00 बजे तक ई-निविदा पोर्टल पर प्राप्त की जायेगी, जिन्हें दिनांक 20.02.2026 को 16:00 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जाएगा। किसी भी ई-निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। अन्य समस्त विवरण/नियम/शर्तें यथा कार्य का नाम, आगणन धनराशि, निविदा प्रपत्र की धनराशि एवं जमानत धनराशि तथा निविदा प्रपत्र पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

**मुख्य अभियन्ता**

**सूचना**

पहले मेरा नाम सैय्यद अफजल अली पुत्र सैय्यद इशरत था दस्तावेजों में मेरा नाम सैय्यद अफजल अली पुत्र सैय्यद इशरत अली अंकित है मेरे पिता के नाम के पीछे अली शब्द छूट गया था अब मुझे सैय्यद अफजल अली पुत्र सैय्यद इशरत अली के नाम से जाना जाये। **सैय्यद अफ़ज़ल अली पुत्र सैय्यद इशरत अली निवासी मोहल्ला जिगरगंज थाना कोतवाली नगर जनपद गोण्डा।**

**सूचना**

मेरे भूखन्ड सं0–14 जो खसरा सं0–987 का मि0–रकबा–1500 वर्ग फिट स्थित ग्राम–सरसवाँ 'नगर निगम सीमा के अन्दर) परगना–लखनऊ तहसील–सरोजनी नगर लखनऊ का मूल विक्रय विलेख जो दिव–21/01/14 को बही सं0–1 जिल्द सं0–14866 पृष्ठ सं0–323 से 356 क्रमांक–909 पर उपनिबंधक द्वितीय, लखनऊ के कार्यालय में रजिस्ट्रीकृत है, कही खो गया है। किसी अन्य द्वारा प्रयोग अवैध होगा। **मनीष कुमार वर्मा पुत्र श्री केदार नाथ वर्मा।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा एक बैनामा जो दिनांक 27–12–1969 बही सं. 01, जिल्द नं. 902, पेज नं. 37 से 40 तक क्रमांक 31–35, जिसे प्रार्थी ने भोला पुत्र जगन्नाथ से खरीदा है, जो कोर्ट जाते समय रास्ते में कही रखो गया। उक्त बैनामे का यदि कोई व्यक्ति दुरुपयोग करता है, तो उसे अवैध माना जाय। प्रार्थी **- अजय कुमार पुत्र अर्जुन लाल 69 नियावां रोड, फैजाबाद (अयोध्या)**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कदीरुन्निशा पत्नी हैदर अली, निवासी ग्राम मोहम्मदपुर दाऊदपुर, पोस्ट हुनहुना, तहसील रुदौली, जनपद अयोध्या के पासपोर्ट संख्या M8381191 में नाम गलती से KADIRUNNISHAN अंकित हो गया है। जबकि आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में सही नाम KADIRUNNISHA दर्ज है। अतः भविष्य में शपथी का सही नाम KADIRUNNISHA ही माना जाए।

# डंपर से कुचल कर भाई-बहन व मौसी की मौत

## बहन को परीक्षा दिलाने के लिए बाइक से लखनऊ जा रहा था भाई, घर जाने को साथ आ रही थी मौसी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** मौरंग उतार कर जा रहे डंपर ने सामने से आ रहे बाइक सवार भाई-बहन और उनकी मौसी को टक्कर मारते हुए कुचल दिया, जिससे तीनों की दर्दनाक मौत हो गई। इस तरह का हादसा शनिवार की सुबह बिलग्राम रोड सुरसा थाने के फार्मपुरवा ढ़ोलिया चौराहे के पास हुआ। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।


आदर्श, मधु व कामिनी की फाइल फोटो।

जानकारी के अनुसार सुरसा थाने के फतिहापुर निवासी अरविंद अवस्थी के तीन बेटों में सबसे छोटा 21 वर्षीय आदर्श अवस्थी नोएडा में एक मोबाइल कंपनी में टेक्निशियन था। 25 वर्षीय इकलौती बेटी मधु अवस्थी शहर में रहकर पढ़ाई करने के साथ ट्यूशन पढ़ाती थी। 12 फरवरी को अरविंद अवस्थी के भतीजे प्रभात अवस्थी की शादी और शुक्रवार को गांव में उसका तिलक था। आदर्श अपने चचेरे भाई की शादी में शामिल होने के लिए गुरुवार को गांव आया था। शुक्रवार को तिलक में शामिल होने के लिए उसकी मौसी कामिनी पाण्डेय (45) पत्नी शिवाकांत पाण्डेय निवासी बावन चुंगी कोतवाली शहर भी गांव में थी। शनिवार को मधु को परीक्षा देने के लिए लखनऊ जाना था। इसलिए सुबह वह भाई आदर्श के साथ बाइक से शहर आ रही थी। तिलक समारोह के बाद अपने घर लौटने के लिए उनकी मौसी कामिनी भी दोनों के साथ बाइक पर सवार हो गई। रास्तें में फार्मपुरवा ढ़ोलिया चौराहे के पास पहुंचते ही सामने से आ रहे डंपर ने टक्कर मारी और तीनों को कुचलते हुए निकल गया। सुबह-सुबह हुए दर्दनाक हादसे से मौके पर हड़कंप मच गया। आनन-फानन में पहुंची पुलिस उन तीनों को उठा कर मेडिकल कालेज के लिए भाग खड़ी हुई। लेकिन वहां पहुंचते ही तीनों की मौत हो गई। भाई-बहन के साथ उनकी मौसी की मौत की खबर सुनकर फतिहापुर में कोहराम बरपा हो गया। शादी की सारी खुशियां ग़म में बदल गई। कामिनी पाण्डेय कोतवाली शहर के चिंतालपुरवा निवासी शिवाकांत पाण्डेय को ब्याही थी। लेकिन शिवाकांत परिवार के साथ शहर की बावन चुंगी पर रहे हैं। कामिनी के तीन बेटे और एक बेटी हैं।

### ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल

संवाददाता, पाली, हरदोई, अमृत विचार। पाली-नकटौरा नहर मार्ग पर शनिवार सुबह तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, हादसा इतना भीषण था कि बाइक ट्रैक्टर के पहिए के नीचे कुचल गई और काफी देर तक फंसी रही। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से बाइक को किसी तरह पहिए के नीचे से बाहर निकाला गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। वहीं हादसे की खबर सुनकर युवकों के परिजन भी घटनास्थल पर पहुंच गए, जिनका रो-रोकर बुरा हाल था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और दुर्घटना की जांच शुरू कर दी। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।



### भांजी की बर्थ-डे पार्टी में जा रहे मामा की हादसे में मौत, मामी घायल

**हरदोई, अमृत विचार।** पत्नी के साथ बाइक से भांजी की बर्थ-डे पार्टी में जा रहा युवक हादसे का शिकार हो गया। लोनार थाने के न्यौरादेव के पास पिकअप की टक्कर में युवक की मौत हो गई जबकि पत्नी घायल है। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने पिकअप और उसके ड्राइवर को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। कोतवाली देहात के खुमारीपुर निवासी जितेंद्र कुमार सिंह (28) पुत्र तकदीर बहादुर सिंह शहर के मुन्ने मियां चौराहे पर कास्मेटिक की दुकान पर नौकरी करता था। शनिवार को उसकी भांजी की बर्थ-डे पार्टी थी। जितेंद्र शनिवार की सुबह अपनी पत्नी मीरा (25) के साथ बाइक से बहन सुरभि के घर बसोलिया थाना पाली जा रहा था। सवायजपुर रोड पर लोनार थाने के न्यौरादेव के पास तेज़ रफ्तार पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी। वहां पहुंचे शख्स ने जितेंद्र के मोबाइल से उसके चाचा देवेश सिंह और पुलिस को हादसे की सूचना दी। पुलिस ने दोनों को मेडिकल कालेज भेजवाया, जहां पहुंचते ही जितेंद्र की मौत हो गई, जबकि मीरा का इलाज चल रहा है। जितेंद्र की दो बेटियां हिमांशी व श्रद्धा है।



## न्यूज ब्रीफ

### महिला को बुरी नीयत से पकड़ा, रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** शराब के नशे में घर में घुसकर महिला का बुरी नीयत से हाथ पकड़ने के आरोप में छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला के अनुसार गुरुवार को शाम 5 :30 बजे वह घर पर अकेली थी उसी समय अंकित पुत्र अवधेश सिंह बरखेड़ा बदरुद्दीनपुर शराब के नशे में आया और बुरी नजर से उसका हाथ पकड़ लिया। वह हाथ छुड़ाकर पड़ोस में अपने दादा के यहां भाग गई। घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### शराब पीकर ग्रामीण की पिटाई, रिपोर्ट दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** अहेमी गांव में शराबी ने ग्रामीण को गाली गलौज किया। विरोध करने पर डंडे से हमला कर घायल कर दिया। घटना की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। घायल का डाक्टरी परीक्षण कराया गया। पिहानी थाना क्षेत्र के ग्राम अहेमी निवासी अंशुल के अनुसार शुक्रवार रात्रि 8 बजे गांव का हरिओम शराब के नशे में आया और उसके दरवाजे पर आकर पिता धर्मेंद्र को गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर हरिओम ने डंडे से हमला कर दिया जिससे पिता को काफी चोटे आईं। घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

### ट्रैक्टर से बैटरी चोरी

**भरखनी, हरदोई, अमृत विचार।** पचदेवरा थाना क्षेत्र के भावर गांव में किसान के खड़े ट्रैक्टर से चोरों ने बैट्री पर हाथ साफ कर दिया। जब सुबह किसान अपने ट्रैक्टर को चालू करने पहुंचा तो बैट्री गायब देख हैरान रह गया। इस मामले में पीड़ित किसान ने पुलिस को तहरीर देते हुए कार्रवाई की गुहार लगाई है।

# शौच के लिए गए युवक की तालाब में डूबकर हुई मौत

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** शौच के लिए गया युवक पैर फिसलने से तालाब में गिर गया,वहां मौजूद बच्चों का शोर सुन कर पहुंचे लोगों ने उसे बाहर निकाला,लेकिन कुछ ही देर में उसकी वहीं पर मौत हो गई। इस तरह का हादसा शुक्रवार की शाम को होना बताया जा रहा है।

बताया गया है कि लोनार थाने के कोल्लिया मझिगवां निवासी 25 वर्षीय मेहनतकश लालू पुत्र हरिराम दो भाइयों और एक बहन मे सबसे छोटा था,उसकी शादी नही हुई थी। उसके माता पिता पहले ही गुज़र चुके थे। जैसा कि बताते है कि शुक्रवार की शाम को वह गांव के बाहर तालाब किनारे शौच को गया हुआ था, जहां पानी लेने के दौरान अचानक पैर फिसला और वह सीधे औंधे मुंह उसी तालाब में गिर गया। लालू कोगिरते देख वहां खेल रहे बच्चे शोर करने लगे। शोर सुनकर तमाम लोग दौड़ पड़े, उनमें शामिल लालू के चाचा रघुनाथ तालाब में कूद पड़ा और भतीजे को बाहर निकाला। उसे इलाज के लिए ले जाने का बंदोबस्त हो रहा था, उसी बीच मौत हो गई।


मृतक लालू की फाइल फोटो।

# पात्र व्यक्तियों को दिलाया जाए योजनाओं का लाभ : डीएम

संवाददाता, हरदोई

- सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने सुनीं समस्याएं
- अराजक तत्वों व अपराधी प्रवृत्ति के लोगों पर नजर रखने के निर्देश

**अमृत विचार।** तहसील शाहाबाद सभागार में आहूत सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अनुनय झा ने उपस्थित जिलास्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि भारत एवं प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से प्रत्येक पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करायें और प्रत्येक दिन कार्यालय में प्रातः 10 से 12 बजे के बीच रहकर विभागीय शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समय में निष्पक्ष तथा गुणवत्ता पूर्ण करायें।

जिलाधिकारी ने सभी कानूनगों एवं लेखपालों को निर्देश दिये सभी तरह की भूमि पर किये गये अवैध कब्जों को चिन्हित करें और अपने उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए पुलिस के सहयोग से गरीबों की एवं सरकारी भूमि कब्जा मुक्त करायें और कब्जा करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। विद्युत विभाग को निर्देश दिये कि खराब ट्रांस्फारमर एवं जर्जर विद्युत लाईने तत्काल ठीक करायें और नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में रोस्टर के अनुसार बिजली की आपूर्ति करायें तथा विद्युत उपभोक्ताओं की बिल आदि तरह की शिकायतों का त्वरित निस्तारण करायें। राशन वितरण में अनियमिताओं की शिकायत पर जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये कि क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षकों से संबंधित राशन दुकानों की जांच करायें और शिकायत सही पाये जाने पर संबंधित कोटेदार के विरूद्व कार्यवाही करें। अन्य विभागों की प्राप्त शिकायतों के संबंध में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समय हो और निस्तारण की जानकारी शिकायतकर्ता को भी उपलब्ध करायें। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने उपस्थित थानाध्यक्षों को निर्देश दिये कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनायें रखने के लिए आराजक व सामाजिक तत्वों, दबंग एवं अपराधी प्रवृत्ति के लोगों नजर रखें और ग्रामीण क्षेत्रों की गतिविधियों की जानकारी गांव के चौकीदार एवं बीट सिपाहियों से प्रतिदिन लें तथा अवैध कब्जा वाली भूमि खाली कराने में समन्वय बनाकर राजस्व टीम सहयोग करें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. भावनाथ पाण्डे, उप जिलाधिकारी शाहाबाद, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक जिला समाज कल्याण अधिकारी सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी, बीडीओं, सीडीपीओ, सीओ, थानाध्यक्ष तथा फरियादी आदि उपस्थित रहे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस उपरान्त जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने पाली रोड पर बन रहे बारात घर व शाहाबाद में बन रहे रोडवेज बस स्टैंड का औचक निरीक्षण किया, तथा कार्यदायी संस्था को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।


पीड़ितों की शिकायतें सुनते डीएम अनुनय झा व एसपी अशोक कुमार मीणा।

# कार में लिफ्ट देकर लूटने वाले गिरफ्तार

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई,

**अमृत विचार।** शाहजहांपुर से शाहाबाद आ रहे दो मजदूरों को लिफ्ट देकर कार में बैठाकर तमंचे के बल पर नकदी, मोबाइल और बैग लूटने की घटना का शाहाबाद पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लूटी गई नकदी, मोबाइल और घटना में प्रयुक्त कार बरामद की है। कोर्ट में पेश करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया।

3 फरवरी को सत्यपाल सिंह निवासी ग्राम गंजियापुर थाना पाली ने थाना शाहाबाद पर तहरीर दी थी। बताया कि 2 फरवरी की रात्रि में वह व उसका मित्र संजीव शाहजहांपुर से शाहाबाद आने के लिए हरदोई बाइपास शाहजहांपुर में खड़े थे। तभी एक कार में सवार तीन व्यक्तियों ने उनको शाहाबाद तक छोड़ने के बहाने से कार में बैठा लिया। कुछ दूर चलने के बाद कार सवार लोगों ने तमंचा दिखाकर दोनों से 10,500 रुपए, दो मोबाइल छीन लिये और उधरनपुर ओव्रब्रिज के पास हरई रोड पर गाडी से उतार दिया। पुलिस ने फहीम, मोहम्मद अनीस और इबरार निवासीगण मोहल्ला गयासपुर थाना बीसलपुर जनपद पीलीभीत को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वह लोग किराये पर गाड़ी लेकर सवारी बैठाते थे। एकान्त स्थान पर ले जाकर तमंचा दिखाकर उनसे रुपये व मोबाइल फोन छीन लेते थे, तथा सवारी को रास्ते में छोड़कर भाग जाते हैं।


पुलिस की गिरफ्त में लुटेरे। अमृत विचार

### लापरवाही पर कछौना के एसआई निलंबित

**हरदोई, अमृत विचार।** अगवा करने के मामले की जांच लटकाने और बरामदगी और गिरफ्तारी करने में फिसड्डी निकले कछौना कोतवाली में तैनात एसआई अजय भारती को निलंबित कर दिया गया है। एसपी अशोक कुमार मीणा के एक्शन से महकमें में खलबली मची हुई है। कछौना कोतवाली में अगवा किए जाने के मुकदमें की जांच वहां तैनात एसआई अजय भारती को सौंपी गई थी, लेकिन उन्होने लापरवाही बरतते हुए न तो बरामदगी की और न ही आरोपियों को गिरफ्तार किया, साथ ही जांच भी लटकाए रखी। एसपी ने एसआई अजय भारती (पीएनओ 234115147) को निलंबित कर दिया है। साथ ही ऐसे पुसिस कर्मियों को चेतावनी भी दी है।

# दुधमुंहे बच्चे की मां की संदिग्ध हालात में ससुराल में मौत, पति सहित 3 पर आरोप

संवाददाता, हरदोई/सुरसा

**अमृत विचार।** पांच महीने के दुधमुंहे बच्चे की मां की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। मृतका के देवर ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने की बात कही है, जबकि पिता ने बेटी के पति, उसके बड़े और छोटे भाई पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। युवती की मौत के बाद आरोपी ससुराल वाले घर छोड़कर फरार हो गए।

सुरसा थाने के रुदौली मजरा अंधर्रा निवासी मोहम्मद सुफियान की पत्नी शहनाज़ (23) की शुक्रवार की रात संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी। उसके देवर इरफान ने देर रात को शहनाज़ के मायके में फोन कर बताया था कि उसने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली,जबकि शहनाज़ के चाचा शकील अहमद निवासी रूरा थाना उचौलिया लखीमपुर खीरी ने बताया कि रुदौली पहुंच कर उसने देखा कि शहनाज़ के गले में दुपट्टा बंधा हुआ,उसके कान से खून बह रहा था और गर्दन पर खरोंच जैसे निशान थे। शहनाज़ की शादी साल 2023 में 27 अप्रैल को हुई थी,उसके एक 5 महीनें का बेटा है। चाचा शकील ने बताया कि शहनाज़ के पिता लालमीन ने करीब 30 लाख का अपना खेत बेंच कर दूसरी खरीद लिया। सुफियान शहनाज़ पर दबाव बनाता था कि वह अपने पिता से रुपये लाए, ताकि शहर में मकान बनाए और गाड़ी खरीदे। बकौल उसी बात पर टकराव इतना बढ़ गया कि शहनाज़ मायके चली गई थी, मंगलवार को उसके ससुर नबी मोहम्मद की मौत की खबर पर शहनाज़ अपने मायके वालों के साथ रुदौली पहुंची और वहीं रुक गई थी। उधर पिता लालमीन ने सुरसा पुलिस को दी तहरीर में पति सुफियान, जेठ रुबील और देवर इरफान पर हत्या का आरोप लगाया है, पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया, आरोपी फरार बताए गए हैं।


मृतका शहनाज की फाइल फोटो।

### आवारा कुत्तों ने बच्चों पर हमला कर किया घायल

**मल्लावां,हरदोई, अमृत विचार।** कुत्तों के भय से बच्चों और बड़ो का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। शनिवार को कुत्तों के झुंड ने दो बच्चों पर हमला कर घायल कर दिया। पालिका प्रशासन से आवारा कुत्तों को पकड़ने की मांग की लोगों ने की है। फतेहगंज मोहल्ले में आवारा कुत्तों ने यहां के इकबाल की 10 वर्षीय बेटी पर स्कूल से लौटते समय हमला कर दिया, राहगीरों के शोर मचाने पर कुत्ते भागे, तब तक बच्ची बुरी तरह घायल हो चुकी थी। वहीं बंदीपुर मोहल्ले में सलमुद्दीन का 4 वर्षीय बेटा उजैफ घर के बाहर खेल रहा था। अचानक कुत्तों के झुंड ने उसे घेर लिया और एक कुत्ते ने मासूम का हाथ चबा लिया। लोगों ने किसी तरह मासूम को कुत्तों के चंगुल से छुड़ाया। अधिशाषी अधिकारी राजेश सिंह राणा ने बताया कि आवारा कुत्तों को पकड़ने को लेकर अभियान चलाया जाएगा।


नवीन पीएचसी भवन के पुनर्निर्माण कार्य का भूमि पूजन करते विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह।

### नवीन पीएचसी भवन के निर्माण का शिलान्यास

**भरखनी, हरदोई, अमृत विचार।** सवायजपुर विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू ने क्षेत्र के भरखनी ब्लाक मुख्यालय पर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर नवीन भवन के पुनर्निर्माण कार्य के भूमि पूजन शनिवार को शिलान्यास कार्यक्रम में विधिवत पूजन अर्चन कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर सीएमओ डॉ. भाव नाथ पाण्डेय, चिकित्सा प्रभारी पाली डॉ आनन्द शुक्ला, छोटे भाई धीरेन्द्र प्रताप सिंह सेनानी, मण्डल अध्यक्ष राकेश रंजन त्रिवेदी, रोहित सिंह, प्रधान सुबोध वाजपेई, डॉ राजरूप राजपूत, ऐलान सिंह चौहान, गौरव दीक्षित, सत्यपाल चौहान आदि उपस्थित रहे।

# विमलेश बने बार एसोसिएशन के अध्यक्ष

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** तहसील में शनिवार को सम्पन्न हुए बार एसोसिएशन के चुनाव में विमलेश लोधी अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किए गए। महामंत्री का ताज बलराम दीक्षित के सिर बंधा है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरिन्द्र कुमार मिश्रा और कोषाध्यक्ष पद पर हसनैन वारसी निर्वाचित घोषित किये गए।

तहसील शाहाबाद में संपन्न हुए बार एसोसिएशन के चुनाव में शनिबार को सुबह 10 बजे से मतदान शुरू हुआ। मतपत्रों की गिनती के बाद चुनावी परिणाम शाम को 4.30 बजे घोषित किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद पर विमलेश सिंह लोधी को कुल पड़े मतों में 98 मत प्राप्त हुए। उन्हें 11 वोट से विजयी घोषित किया गया। उनके प्रतिद्वंदी उमेश कुमार को 87 वोट पाकर संतोष करना पड़ा। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर गिरिन्द्र कुमार मिश्रा को 83 मत मिलने पर 12 वोट से विजयी घोषित किया गया। खुरशीद अली खां 71 मत पाकर दूसरे स्थान पर रहे। संत कुमार सिंह को 31मत पाकर संतोष करना पड़ा। महामन्त्री पद पर बलराम दीक्षित को 96 मत मिलने पर 7 वोट से विजयी घोषित किया गया। उनके प्रतिद्वंदी अनिल कुमार शुक्ला को 89 वोटों से संतोष करना पड़ा। कोषाध्यक्ष पद पर हसनैन वारसी को 31 वोटों से विजयी घोषित किया गया। प्रमोद कुमार को 77 वोट पाकर दूसरा स्थान मिला।


नवनिर्वाचित उत्साहित पदाधिकारी। अमृत विचार

# प्रचार में जुटीं सपा प्रत्याशी कांति सिंह

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

- पूर्व विधायक बब्बू के आवास पर स्नातक वोटरों से मिलकर चुनाव में मांगा समर्थन

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी की पूर्व विधान परिषद सदस्य एवं स्नातक प्रत्याशी काँती सिंह ने शनिबार को खेड़ा बलाय कोट स्थित पूर्व विधायक आसिफ खां बब्बू के आवास पर पहुंचकर आने वाले स्नातक विधान परिषद चुनाव में वोटरों से समर्थन की अपील की।

कैरियर पब्लिक स्कूल में भी वोटरों से मुलाकात कर समर्थन और सहयोग करने की अपील की। उनके साथ समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष जीतेन्द्र सिंह जीतू उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व विधायक आसिफ खाँ बब्बू ने कहा जिन स्नातक युवाओं का वोट नहीं बन सका है वह सभी लोग अपना वोट बनवा ले। ताकि लखनऊ खंड स्नातक के चुनाव में अपने मत का प्रयोग कर सकें।

प्रत्याशी कांति सिंह ने कहा हर जिले में विकास, शिक्षा, रोजगार, युवाओं की भागीदारी और पारदर्शी व्यवस्था को प्राथमिकता दी।वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रतापगढ़ से डॉ. एस.पी. सिंह की ऐतिहासिक विजय के पीछे भी जागरूक स्नातकों की सक्रिय भूमिका थी। वर्ष 2026 में लखनऊ खंड स्नातक निर्वाचन का चुनाव में सातों जिलों के पुराने साथियों की मांग पर वह चुनाव लड़ रही हैं। उन्होंने बताया इस बार विजयी होने के बाद स्नातकों की समस्याओं के निदान हेतु सशक्त कार्य किये जायेंगे। शिक्षकों एवं कर्मचारियों को पुरानी पेंशन व्यवस्था के लिए संघर्ष किया जायेगा। शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, वित्तविहीन शिक्षकों एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सरकार की ओर से उचित मानदेय दिलवाया जायेगा। इस अवसर पर कैरियर स्कूल के प्रबंधक डाक्टर सलीम सिद्दीकी, प्रधानाचार्य प्रियंका गुप्ता, परवीन खान, दीप्ती त्रिवेदी, रितेश कुशवाहा, शिवांशू गुप्ता, अजहर मसूद खाँ बबलू सहित स्नातक मतदाता और क्षेत्र वासी उपस्थित रहे।

## ज्ञापन

### ई-रिक्शा चालकों की समस्याओं व रेलवे क्रॉसिंग जाम को लेकर सौंपा ज्ञापन

# यातायात व्यवस्था में कई व्यावहारिक समस्याएं

संवाददाता, सण्डीला, हरदोई

**अमृत विचार।** नगर में ई-रिक्शा संचालन से उत्पन्न हो रही समस्याओं, बिगड़ती यातायात व्यवस्था तथा रेलवे क्रॉसिंग पर लगने वाले भीषण जाम को लेकर जनहित जागरण समिति ने उपजिलाधिकारी सण्डीला को एक ज्ञापन सौंपा। समिति ने ई-रिक्शा के रूट एवं परमिट व्यवस्था में संशोधन कर आम नागरिकों के साथ-साथ गरीब ई-रिक्शा चालकों को राहत दिलाने की मांग की है।

जनहित जागरण समिति के प्रदेश अध्यक्ष एवं नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष शैलेश अग्निहोत्री ने शनिवार को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि हाल के दिनों में पुलिस प्रशासन द्वारा ई-रिक्शा संचालन के लिए रूट निर्धारित किए गए हैं, जो यातायात व्यवस्था सुधार की दिशा में एक सराहनीय कदम है। हालांकि वर्तमान व्यवस्था में कई व्यावहारिक समस्याएं सामने आ रही हैं, जिनका खामियाजा ई-रिक्शा चालकों को भुगतना पड़ रहा है। बताया कि वर्तमान में नगर क्षेत्र में लगभग 150 से अधिक ई-रिक्शा संचालित हो रहे हैं, लेकिन नगर क्षेत्र के निवासी चालक ग्रामीण रूटों पर तथा ग्रामीण क्षेत्र के चालक नगर क्षेत्र में ई-रिक्शा चला रहे हैं। इस असंतुलन के कारण नगर निवासी चालक जब नगर सीमा से बाहर जाते हैं तो पुलिस द्वारा उनका चालान कर दिया जाता है, जिससे गरीब ई-रिक्शा चालकों को आर्थिक नुकसान के साथ मानसिक परेशानी का भी सामना करना पड़ता है। ज्ञापन सौंपने वालों में सभासद अजय द्विवेदी, शिव प्यारे गुप्ता, मंटू गुप्ता, अभय शुक्ला सहित बड़ी संख्या में ई-रिक्शा चालक मौजूद रहे।


ज्ञापन सौंपते पूर्व अध्यक्ष शैलेश अग्निहोत्री।

### अनुदेशकों के नवीनीकरण को लेकर दिया ज्ञापन

**हरदोई, अमृत विचार।** परिषदीय अनुदेशक कल्याण एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष मोहम्मद इलियास मंसूरी ने पदाधिकारियों के शनिवार को सीडीओ व बीएसए को ज्ञापन दिया। जिसमें कहा है कि बेसिक शिक्षा विभाग के जूनियर विद्यालयों में तैनात तमाम शिक्षकों का नवीनीकरण विभिन्न समस्याओं के चलते नहीं हो पाया है। सभी के द्वारा 30 अगस्त 2025 को उपस्थित होकर अपने नवीनीकरण के संबंध में साक्ष्य प्रस्तुत किए गये एवं पुनः 02 सितम्बर 2025 को सभी प्रार्थीगण व्यक्तिगत रूप से भी उपस्थित होकर सुनवाई में शामिल हुये परन्तु प्रार्थीगणों का अब तक नवीनीकरण नहीं हो सका है।

# अवगुण त्यागने का कराया संकल्प

संवाददाता, माधौगंज, हरदोई

**अमृत विचार।** विकास खण्ड के गांव मोहद्दीनपुर नई बस्ती इटिया देवी सर्री बाबा देवधाम के प्रांगण में स्थित महालक्ष्मी माता मंदिर मां लक्ष्मी जी मूर्ति स्थापना की छठवीं वर्षगांठ के स्मृति दिवस पर पं अंजनी शास्त्री ने वैदिक मंत्रों के उच्चारण से भिठाई निवासी गंगाराम आर्य व उनकी धर्मपत्नी गुड्डी देवी से विधि-विधान पूर्वक पूजन अर्चन करवाया।

इस दौरान उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को बुराईयों से दूर रहने के प्रति इंगित करते हुए प्रत्येक से एक-एक अवगुण त्यागने का संकल्प कराया और एक दूसरे से ईर्ष्या, नफरत, भेदभाव को त्याग कर सर्व के प्रति सच्ची सहानुभूति रखने पर जोर दिया है। रामदास वर्मा, सिद्धनाथ वर्मा, राजेन्द्र प्रसाद, रामशंकर, संतराम, डा. संदीप कुमार, सौरभ कुमार, गोपीचरन कनौजिया, सुखबासी लाल, संगीत कुमार, शैलेन्द्र कुमार कुसुमा, शालूरानी आदि तमाम लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अयोजक भाजपा मंडल उपाध्यक्ष रामनरेश आर्य ने सभी के सुख समृद्धि स्वस्थ निरोगी एवं खुशहाल जीवन की कामना की राहगीरों को बूंदी प्रसाद वितरण किया।


वैदिक मंत्रों से यज्ञ में आहुतियां देते लोग। अमृत विचार

न्यूज ब्रीफ

### पुलिस ने अवैध तमंचा के साथ हिस्ट्रीशीटर को किया गिरफ्तार

**गोदलामऊ, सीतापुर :** संदना पुलिस ने चेकिंग के दौरान हिस्ट्रीशीटर पवन कुमार को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से एक देशी तमंचा और 12 बोर का एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। क्षेत्राधिकारी मिश्रिख विशाल गुप्ता ने बताया कि आरोपी पवन कुमार पुत्र रामकुमार पाल ग्राम नरवीरपुर मजरा सरैया का रहने वाला है। पुलिस ने उससे पूछताछ भी की है। संदना थाने में शातिर के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय भेजा गया है।

### मालगाड़ी की चपेट में आकर ग्रामीण का पैर कटा, लखनऊ रेफर

**नैमिषारण्य, सीतापुर :** नैमिषारण्य थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर गांव के पास ट्रेन हादसा हो गया। ट्रैक पार करते समय एक अधेड़ व्यक्ति मालगाड़ी की चपेट में आ गया, जिससे उसका एक पैर कट गया और सिर में गंभीर चोटें आईं, घायल को गंभीर अवस्था लखनऊ ट्रामा सेण्टर भेजा गया है। मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र का लक्ष्मणपुर निवासी लल्लू (50) दोपहर गांव के पास गुजर रही रेलवे लाइन पार कर रहा था। इसी दौरान सीतापुर की ओर से आ रही मालगाड़ी अचानक सामने आ गई। ट्रेन की चपेट में लल्लू आ गया। गंभीर रूप से घायल ग्रामीण को सीएचसी लाया गया। अधीक्षक डॉ. जयप्रकाश पटेल ने बताया कि अत्यधिक रक्तस्राव और नाजुक स्थिति को देखते हुए उन्हें तत्काल लखनऊ ट्रामा सेण्टर भेजा गया है। बता दें कि बीते कुछ समय पहले एक छात्रा भी हादसे का शिकार होकर अपने दोनों पैर गंवा चुकी है।

# बाइक जलाई फिर ताऊ को हथौड़ी से मार डाला

## इमलिया सुल्तानपुर थाना क्षेत्र के सिकटिया गांव का मामला

रिश्ते हुए शर्मसार

- मां बनी गवाह, बेटे के खिलाफ दर्ज कराया बयान, आरोपी गिरफ्तार

इमलिया सुल्तानपुर/ सीतापुर


आरोपी द्वारा जलाई गयी मोटरसाइकिल। अमृत विचार

**अमृत विचारः** रिश्तों को शर्मसार करते हुए भतीजे ने पहले बाइक जलाई फिर हथौड़ी से सिर पर वारकर ताऊ की निर्मम हत्या कर दी। हत्या की गवाह आरोपी युवक की मां बनीं। उन्होंने पुत्र की निर्दयता की सारी हदों को बताते हुए रपट दर्ज करवाई, इमलिया सुल्तानपुर थानाक्षेत्र के सहरोई सिकटिया गांव में हत्या को लेकर आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया है।

इमलिया सुल्तानपुर थानाक्षेत्र के सहरोई सिकटिया गांव में गंगाराम (60) पुत्र दुलारे घर पर था। इसी दौरान उसका भतीजा अनूप पुत्र राधेश्याम आ गया। अनूप की मां राधा के मुताबिक, शराब के नशे में धुत उसका पुत्र अनूप पहले अपने भाई से झगड़ पड़ा। किसी तरह अनूप का ताऊ गंगाराम बीच-बचाव करने लगा। लेकिन उसकी एक न चली। अनूप ने घर के बाहर खड़ी मोटर साइकिल में आग लगाई, फिर सामान- तोड़फोड़ करने लगा। बवाल बढ़ता देख गंगाराम डॉटने-फटकारने लगे तो अनूप गुस्से में आ गया। आरोप है कि अनूप कमरे में रखी हथौड़ी उठा लाया। फिर कई वार गंगाराम के सिर पर कर दिए। जिससे गंगाराम गंभीर रूप से घायल हो गया। उपचार के लिए उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सीओ महोली नागेंद्र चौबे ने बताया कि अनूप की मां राधा और परिवार के अन्य लोगों के बयान के आधार पर हत्या का अभियोग दर्ज करते हुए हत्यारोपी अनूप को गिरफ्तार कर लिया है।

### हत्या कर फेंका गया शव, शरीर पर चोट के निशान


मनीष कश्यप।

**महमूदाबाद/ सीतापुर, अमृत विचार :** चार दिन से लापता युवक का शव तालाब में मिला। संदिग्ध हालातों में मिले शव के शरीर पर चोटों के निशान थे। परिवार के लोगों ने अपहरण के बाद हत्या कर शव फेके जाने का आरोप लगाया है। थानगांव इलाके में हुई घटना के बाद पुलिस कई संदिग्धों से पूछताछ में जुटी है। थानगांव निवासी मनीष कश्यप पुत्र नरेश कश्यप 3 फरवरी से लापता हो गया। 20 वर्षीय मनीष के पिता नरेश के मुताबिक, काफी तलाश के बावजूद उसका पता नहीं चल सका। ऐसे में परिवार ने मनीष की गुमशुदगी को लेकर थाने पर रपट दर्ज कराई, परिजनों के मुताबिक, गांव के लोग घर लौट रहे थे। इसी दौरान मनीष का शव गांव के बाहर स्थित पुलिया से लगे तालाब में उतराता मिला। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंच गई। क्षेत्राधिकारी वेद प्रकाश श्रीवास्तव ने बताया कि शव के शरीर पर चोटों के निशान मिले हैं, परिवार के लोगों ने कुछ लोगों पर संदेह जताया है। संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद स्थितियां पूरी तरह से स्पष्ट हो जाएंगी, उसी के आधार पर कार्रवाई होगी।

## फॉलोअपः डीएनए जांच खोलेगी मौत का राज

**कार्यालय संवाददाता, सीतापुर, अमृत विचारः** युवक के मिले नरकंकाल के बाद स्थितियां स्पष्ट करने के लिए हड्डियों के नमूने सुरक्षित किये गए हैं, ताकि डीएनए जांच की जा सके। पुलिस हाल –फिलहाल अन्य तथ्यों पर फोकस कर रही है।मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र का 32 वर्षीय श्याम किशोर उर्फ श्यामू कौशल पुत्र कौशल किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। इसी के ठीक 15 दिन बाद उसका कंकाल मिला। परिवार के लोगों ने हत्या कर शव फेके जाने का आरोप लगाया। एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर मिश्रिख पुलिस ने कंकाल के परीक्षण के लिए उसे पोस्टमार्टम हाउस भिजवाया गया। बाद में कंकाल का एक्सरे हुआ। जानकारों की मानें तो फील्ड यूनिट ने कपड़े और हड्डियों के नमूने लेकर उसे विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा गया है।


बजट पर चर्चा करते पूर्व विधायक सुनील वर्मा। अमृत विचार

### किसान-युवा और महिलाओं को सशक्त करने वाला है बजट

**लहरपुर, सीतापुर :** स्थानीय विकासखंड सभागार में पूर्व विधायक सुनील वर्मा के संयोजन में 'केंद्रीय बजट पर विधानसभा चौपाल आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा राष्ट्रीय परिषद सदस्य राकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि राकेश त्रिपाठी ने बजट को देश के सर्वांगीण विकास का रोडमैप बताते हुए कहा कि यह किसान, युवा और महिलाओं को सशक्त करने वाला है। वहीं, पूर्व विधायक सुनील वर्मा ने इसे 'सबका साथ–सबका विकास' की अवधारणा पर आधारित बताया। उन्होंने विपक्षी दलों के नकारात्मक रवैये की आलोचना करते हुए कार्यकर्ताओं से जन–कल्याणकारी योजनाओं को जन–जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। सुनील वर्मा ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए अट्ठारह वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवाओं को मतदाता बनाने और एसआईआर कार्यों में सक्रिय सहयोग की अपील की। वीरेंद्र पुरी, राजेश्वर रस्तोगी, उदित बाजपेई और मनोज गुप्ता ने भी विचार रखे। ब्लॉक प्रमुख उमाशंकर वर्मा, विनीत जायसवाल, परमेश्वर भार्गव, मनमोहन गुप्ता, राम लखन वर्मा सहित सभी मंडल अध्यक्ष व भारी संख्या में भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

## वित्तीय अनियमितता में वीडीओ हुआ निलंबित

संवाददाता सीतापुर

**अमृत विचारः** जिले के खैराबाद ब्लॉक में वित्तीय भ्रष्टाचार का एक बड़ा मामला सामने आया है। जिला विकास अधिकारी संतोष नारायण गुप्त ने ग्राम पंचायत दहेलिया श्रीरंग में तैनात ग्राम विकास अधिकारी श्रीमती गीतांजलि वर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

जांच में पाया गया कि सचिव ने मजदूरों की मजदूरी और अन्य मदों की 3,04,871 की धनराशि सीधे श्रमिकों के खातों में भेजने के बजाय ग्राम प्रधान पुत्र मनीष कुमार के निजी खाते में स्थानांतरित कर दी थी। प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक नियमावली के तहत निलंबन की कार्रवाई की गई है। मामले की विस्तृत विभागीय जांच के लिए खंड विकास अधिकारी बिसवां को जांच अधिकारी नामित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान सचिव गीतांजलि वर्मा बिसवां कार्यालय से संबद्ध रहेंगी। जिला प्रशासन की इस कड़ी कार्रवाई से विकास कार्यों में बंदरबांट करने वाले अधिकारियों और बिचौलियों में हड़कंप मच गया है।

### ओवरलोड वाहनों के खिलाफ चला अभियान


लहरपुर में ओवरलोड वाहनों का चालान करती प्रशासनिक टीम। अमृत विचार

**संवाददाता लहरपुर, सीतापुर :** तहसील प्रशासन ने क्षेत्र में ओवरलोड और ओवरहाइट वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। तहसीलदार मनीष त्रिपाठी के नेतृत्व में राजस्व टीम ने दो दिनों के भीतर गन्ने से लदे कुल सत्रह ट्रकों का चालान किया है। तहसीलदार मनीष त्रिपाठी ने बताया कि वे टीम के साथ छावनी पुलिया के पास चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान गन्ने से लदे एक ट्रक को रोका, जो क्षमता से अधिक ऊंचा था। ट्रक को कब्जे में लेकर कोतवाली के पास खड़ा कराया गया है। तहसीलदार ने बताया कि शुक्रवार को भी अभियान चलाकर सोलह ओवरलोड ट्रकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई थी।

### अवैध झोपड़ पट्टियां और पटरी दुकानें हटाईं


कब्जा हटाती जेसीबी। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार :** शहर की जेल रोड पर जिला प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। बुलडोजर के पहुंचते ही इलाके में हड़कंप मच गया। प्रशासन की कार्रवाई से पहले ही कई झोपड़ीवासियों और पटरी दुकानदारों ने अपने–अपने आशियाने और दुकानें स्वयं हटा लीं। सदर तहसीलदार के मुताबिक, जेल परिसर के आसपास लंबे समय से अस्थायी झोपड़ियां और पटरी दुकानें बनी थीं, जो सुरक्षा और यातायात व्यवस्था में बाधक थीं। इन्हें हटाने को लेकर तहसील सदर प्रशासन ने करीब 24 घंटे पूर्व चेतावनी जारी की थी। पुलिस बल की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। कुछ निर्माण लोगों ने खुद तोड़े। शेष को बुलडोजर से हटाया गया। कार्रवाई के बाद प्रभावितों में नाराजगी देखी गई।

### हिंदी सेवी सम्मान से नवाजे गए शिक्षक


सम्मानित छात्राओं के साथ अतिथिगण। अमृत विचार

**लहरपुर, सीतापुर :** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हिंदी साहित्य परिषद द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी सुरेंद्रनाथ प्रजापति ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले चौदह मेधावी छात्र–छात्राओं और चार शिक्षकों को 'हिंदी सेवी सम्मान' से नवाजा गया। पुरस्कृत होने वालों में मुख्य रूप से कुमारी सारिका, साक्षी देवी और अनुमति विश्वकर्मा शामिल रहीं। इस दौरान बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम और सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इस मौके पर विजय निगम, अतुल कुमार अवस्थी और रामेंद्र मिश्र सहित भारी संख्या में छात्र–छात्राएं व अभिभावक उपस्थित रहे।


बैठक कर योजनाओं की समीक्षा करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

### पोषण योजनाओं की धीमी प्रगति पर डीएम खफा

**सीतापुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की योजनाओं व कार्यक्रमों की गहन समीक्षा की गई। डीएम ने विभिन्न इंडीकेटर्स पर जनपद की प्रगति देखते हुए धीमी योजनाओं पर ज़िम्मेदारों पर नाराजगी जताते हुए तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के सभी पात्र लाभार्थियों का शीघ्र पंजीकरण कर ब्लॉकवार लक्ष्य पूरा कराने के आदेश दिए। साथ ही आरसीएच पोर्टल पर पंजीकरण के बाद विभागीय समन्वय से अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। आंगनबाड़ी भर्ती प्रक्रिया को शासनादेश के अनुरूप निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से शीघ्र पूर्ण कराने, वीएचएसएनडी सत्रों को प्रभावी ढंग से आयोजित करने और पोषण ट्रैकर ऐप पर केवाईसी पूर्ण कराने के निर्देश दिए। डीएम ने कुपोषण रोकथाम, एनआरसी संचालन, होम विजिट, हॉट कुक्ड मील वितरण व आंगनबाड़ी केंद्रों के मानकों के पालन पर विशेष जोर दिया। बैठक में सीएमओ सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम साहब दबंगों से कब्जा छुड़वा दीजिए

अमृत विचार टीम, सीतापुर

डीएम साहब दबंग मेरे मकान में अपने मकान के नापदान व छत का गंदा पानी जबरन गिरा रहे हैं। मना करने पर फौजदारी को आमादा हो जाते हैं। कई बार थाना और तहसील में शिकायत कर चुका हूं, मगर नतीजा सिफर रहा। ये व्यथा खैराबाद के भगौतीपुर गांव के शिवनाथ ने डीएम को बताई। गंभीर प्रकरण में डीएम ने तहसीलदार सदर को तत्काल मौके पर जाकर जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिये।

जनपद के सभी सात तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर और पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने सदर तहसील में फरियादियों की पीड़ा सुनीं। डीएम-एसपी ने फरियादियों की शिकायतों को एक-एक कर सुना और समयबद्ध निस्तारण के निर्देश मातहतों को दिए। इस दौरान सबसे अधिक शिकायतें भूमि पर कब्जे, अतिक्रमण तथा आवास आवंटन से संबंधित आईं, डीएम ने सभी विभागाध्यक्षों को लाभार्थीपरक योजनाओं से जुड़े मामलों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए, ताकि पात्र लोगों को समय से योजनाओं का लाभ मिल सके। इस मौके पर उपजिलाधिकारी सदर धामनी एस दास, सीएमओ डॉ. सुरेश कुमार, अतुल सेन सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी रहे।


फरियादी को सांत्वना देते जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर। अमृत विचार

**चकमार्ग पर दबंगों ने कर रखा है कब्जाः** ग्राम अर्वलियाग्रान्ट की सरस्वती देवी ने सरकारी चकमार्ग पर अवैध कब्जे की शिकायत डीएम से की। उन्होंने बताया कि गाटा संख्या 1049 तक जाने वाले चकमार्ग पर दबंगों ने कब्जा कर रखा है जिससे खेतों तक पहुंच बाधित हो गई है और खेती का काम ठप पड़ा है।

### 7 साल से मार्ग अवरुद्ध आवागमन में दुश्वारियां

विकासखंड परसेंडी के ग्राम शाहपुर टोडी गांव के ग्रामीण बड़ी संख्या तहसील पहुंचे। उन्होंने डीएम से शिकायत में कहा कि गांव का मुख्य रास्ता बीते सात वर्षों से बंद पड़ा है। प्राथमिक विद्यालय से होकर जाने वाले इस मार्ग के अवरुद्ध होने से ग्रामीणों, विशेषकर स्कूली बच्चों को घुटनों तक भरे गंदे पानी और कीचड़ से होकर आना–जाना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी जिला प्रशासन को शिकायत दी गई थी, लेकिन अब तक समाधान नहीं हुआ। लेखपाल की पैमाइश के बावजूद दबंग रास्ता और नाली निर्माण में बाधा डाल रहे हैं। बार–बार शिकायत के बाद भी पंचायत स्तर पर कोई पहल नहीं हुई। इस पर डीएम ने एसडीएम को कार्रवाई के निर्देश दिये।

## डीएम ने जागरुकता रथ किया रवाना


जागरुकता वाहन को हरी झंड़ी दिखाकर रवाना करते डीएम व एसडीएम। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचारः** जनपद के किसानों को डिजिटल तकनीक से जोड़ने और सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पहुंचाने के उद्देश्य से शनिवार को भव्य जागरूकता अभियान का आगाज किया गया। सीतापुर सदर और लहरपुर तहसील समेत सभी तहसीलों से जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर गांवों के लिए रवाना किया गया।

सदर तहसील में जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने जागरूकता रथों को रवाना करते हुए किसानों से 'फार्मर रजिस्ट्री' कराने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि इस पहल से किसान डिजिटल रूप से सशक्त होंगे। इस दौरान एसडीएम धामिनी एस. दास, जिला कृषि अधिकारी संजीव सिंह, उपनिदेशक कृषि और एडीओ एजी हरिशंकर शुक्ला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

**किसानों को मिलेगी अपनी 'डिजिटल आईडी':** लहरपुर तहसील प्रांगण में अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह और तहसीलदार मनीष त्रिपाठी ने तीन रथों को रवाना किया। अधिकारियों ने बताया कि इस रजिस्ट्री के माध्यम से।प्रत्येक किसान की एक यूनिक डिजिटल आईडी बनेगी। पीएम किसान निधि, फसल बीमा और सरकारी अनुदान प्राप्त करना आसान होगा। सहायक विकास अधिकारी (कृषि) राजकुमार वर्मा ने किसानों से अपील की कि वे योजनाओं का सीधा लाभ पाने के लिए अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराएं।

## ट्रैक्टर ने युवक को कुचला, गयी जान

**लहरपुर, सीतापुरः** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर में शनिवार देर शाम सड़क हादसे में एक दृष्टिबाधित युवक की मौत हो गई, जबकि उसके साथ चल रहा मासूम बच्चा बाल-बाल बच गया। बिसवां की ओर से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात कार ने पीछे से युवक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद युवक सड़क पर गिर पड़ा और उसी समय पीछे से आ रही ट्रैक्टर ट्रॉली के नीचे आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक वाहन समेत फरार हो गया। मृतक की पहचान अकबरपुर निवासी राजकुमार (35) के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।


सुरक्षा की समीक्षा करते आईजी किरण एस। अमृत विचार

### सीएम के आगमन को लेकर कसी कमर

**सीतापुर, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नौ फरवरी को सीतापुर दौरे को लेकर पुलिस–प्रशासन ने कमर कस ली है। शनिवार शाम लखनऊ जोन की आईजी किरण एस ने सुरक्षा व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने जीआईसी मैदान स्थित हेलीपैड से लेकर कार्यक्रम स्थल 'तपोधाम आश्रम' तक के मार्ग का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। काफिले के मार्ग में आने वाले मकानों की छतों पर पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। पूरे कार्यक्रम और रूट की निगरानी तकनीक के माध्यम से की जाएगी। मार्ग के सभी कट्स को अस्थायी रूप से बंद रखा जाएगा। भीड़ नियंत्रण और यातायात प्रबंधन के लिए अधिकारियों को मुस्तैद रहने के निर्देश दिए गए हैं। उधर नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु ने भी कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया और तैयारियों को परखा और अधिकारियों को जरूरी निर्देश भी दिए।

### सांड की टक्कर से एएनएम घायल

**बिसवां, सीतापुर :** माधवपुर क्षेत्र में छुट्टा मवेशी की दहशत थमने का नाम नहीं ले रही। बिसवां से सांडा ड्यूटी पर जा रही एएनएम सुमन वर्मा सांड की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गईं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुमन वर्मा अपनी स्कूटी से जा रही थीं, तभी अचानक एक सांड ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। सड़क पर गिरने से उन्हें गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने आनन–फानन में उन्हें नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है।

### नहीं चुना जा सका कार्यवाहक प्रधान

**गोंदलामऊ, सीतापुर :** विकास खंड गोंदलामऊ की ग्राम पंचायत रामगढ़ में नए प्रधान पद की शक्तियों के निर्वहन के लिए बुलाई गई बैठक कोरम पूरा न होने के कारण स्थगित कर दी गई। पूर्व प्रधान पिंकी देवी को पद से हटाए जाने के बाद, जिलाधिकारी के निर्देशानुसार नई व्यवस्था के लिए नाम प्रस्तावित किया जाना था, लेकिन सदस्यों की अनुपस्थिति ने प्रक्रिया पर ब्रेक लगा दिया। बैठक के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी एडीओ पंचायत राजेश कुमार स्वयं उपस्थित नहीं हुए। उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस' में व्यस्तता को इसका कारण बताया। ग्रामीणों ने प्रक्रिया पर रोष जताते हुए जांच की मांग की है। एडीओ पंचायत राजेश कुमार ने आश्वस्त किया है कि कोरम अधूरा होने के कारण बैठक निरस्त मानी जाएगी।

### तीसरी शादी करने पर पति के साथ की मारपीट

**महोली, सीतापुर :** मछरेहटा थाना क्षेत्र में शादी के मण्डप में उस समय रंग में भंग हो गया, जब पति की तीसरी शादी होने की सूचना के बाद पत्नी मौके पर पहुंच गई। जमकर हंगामा हुआ, पुलिस के पहुंचने पर स्थितियां सामान्य हो सकीं। बताते हैं कि महोली निवासी विपिन की पहली शादी हरदोई निवासी नीतू से हुई थी। बाद में अलगाव होने पर उसने दूसरी शादी मछरेहटा थाना क्षेत्र के हीरापुर गंज निवासी अनुपमा से की। इससे भी कुछ समय बीतेन पर अलगाव हो गया। पीड़िता अनुपमा का आरोप है कि उसको विपिन लगातार उत्पीड़ित कर रहा था, साथ में दहेज के रूप में चार लाख रुपये की मांग भी कर रहा था। इसी अलगाव के बाद उसे विपिन की तीसरी शादी होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पीड़िता ने महोली पुलिस के साथ गेस्ट हाउस पहुंची। जहां उसके द्वारा जमकर हंगामा किया गया। मामले में देर शाम तक आरोप–प्रत्यारोप जारी रहा। विधिक कार्रवाई को लेकर पीड़िता की ओर से पुलिस को पत्र दिया गया है।

## छात्रा से छेड़छाड़, मदरसे का मौलाना गिरफ्तार

**रामपुर मथुरा, सीतापुरः** थाना क्षेत्र रामपुर मथुरा के अंतर्गत परीक्षा देकर लौट रही एमएससी की छात्रा से छेड़छाड़ और विरोध करने पर परिजनों को धमकाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता के अनुसार, वह अयोध्या से परीक्षा देकर वापस लौट रही थी। रास्ते में बांसुरा और रायपुर अलायपुर के बीच पैगंबरपुर स्थित जामिया सैय्यद मदरसा के मौलाना अहमद ने अपने कुछ साथियों और छात्रों के साथ छात्रा को रोक लिया और अभद्रता की। शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। जब परिजनों ने इस बात का विरोध किया, तो आरोपियों ने पीड़िता के घर का घेराव कर उपद्रव शुरू कर दिया। थाना प्रभारी संजय पांडेय ने बताया कि छात्रा की तहरीर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

## उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण की समय-सीमा हुई तय

**सीतापुर, अमृत विचारः** वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण को लेकर उम्मीद केंद्रीय पोर्टल–2025 पर समय-सारिणी निर्धारित कर दी गई है। सहायक सर्वे कमिश्नर वक्फ नरेश कुमार ने बताया कि सर्वे कमिश्नर वक्फ के निर्देश पर यह निर्णय यूपी वक्फ न्यायाधिकरण, लखनऊ के आदेश दिनांक 10 दिसंबर 2025 के तहत छह माह की अवधि बढ़ाए जाने के बाद लिया गया है। उन्होंने बताया कि पोर्टल पर मुतवल्ली (मेकर) द्वारा वक्फ संपत्ति का विवरण फीड करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है। इसके बाद वक्फ बोर्ड द्वारा विवरण की जांच 15 अप्रैल 2026 तक तथा बोर्ड स्तर से एप्रूवल 5 जून 2026 तक किया जाएगा। उन्होंने जनपद के सभी मुतवल्ली, प्रबंध समिति व प्रशासकों से अपील की है कि जिन संपत्तियों का विवरण अभी तक फीड नहीं किया गया है, वे निर्धारित तिथि से पूर्व अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराएं।

## स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से लाखों ठगे

**सीतापुर, अमृत विचारः** विखं परसेण्डी के ग्राम अमौरा मोतीसिंह से धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। यहां श्री जय बाला जी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने एक व्यक्ति पर 70 हजार की ठगी करने व उन्हें धमकी देने का आरोप लगाया है। इस संबंध में महाराजा छीता पासी सेवा संस्थान ने डीएम को ज्ञापन सौंप कार्रवाई की मांग की है। मामला समूह की अध्यक्षा रेखा देवी, कोषाध्यक्षा कल्याणी देवी व सचिव नीलम देवी ने बताया कि उन्होंने मसाला चक्की और पैकिंग मशीन लगाने के लिए बैंक से सत्तर हजार का ऋण लिया था। आरोप है कि तीन अप्रैल 2023 को विपक्षी व्यक्ति ने झांसा देकर महिलाओं से हस्ताक्षर कराए और बैंक से नकद रुपया निकलवा कर अपने पास रख लिया। विपक्षी ने वादा किया था कि वह पंद्रह दिनों के भीतर मशीनें उपलब्ध करा देगा, लेकिन दो साल बीत जाने के बाद भी केवल एक पुरानी मसाला चक्की दी गई और पैकिंग मशीन का अता-पता नहीं है। पीड़ित महिलाओं का कहना है कि जब उन्होंने अपने पैसे वापस मांगे, तो विपक्षी ने बदसलूकी की और सामान देने से मना कर दिया।

### संत रविदास ने समाज को एकजुट करने का किया कार्यः अनुराग

**लहरपुर, सीतापुर :** विश्व हिंदू महासंघ द्वारा संत रविदास जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रम का समापन केसरी गंज में हुआ। पहली फरवरी से शुरू हुए इस सेवा पखवाड़े के अंतिम दिन संगठन के पदाधिकारियों ने संत रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अनुराग मिश्रा ने कहा कि संत रविदास ने सदैव हिंदू समाज को एकजुट करने और कुरीतियों को मिटाने का कार्य किया। उनके विचार 'मन चंगा तो कठौती में गंगा' आज भी हमें अंतर्मन की शुद्धि की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम में मनीष मल्होत्रा, राजकुमार मिश्रा, रामचंद्र मिश्रा, अजय कुमार विश्वकर्मा राजेश मिश्रा, सत्येंद्र कुमार सिंह चौहान, महेश कुमार गुप्ता, अभिनव दीक्षित आदि रहे।

अमृत विचार

लखनऊ, रविवार, 8 फरवरी 2026 रायबरेली

## न्यूज ब्रीफ

### पोल लगाने का विरोध करने पर अभद्रता

**जगतपुर :** थाना क्षेत्र के पूरे इच्छा सिंह मजरे बिन्नवा गांव में शनिवार को विद्युत विभाग की टीम चकरोड के किनारे हाई टेंशन लाइन का पोल किसान के खेत में गढ़वा रही थी। इसका विरोध करने पर गांव निवासी फौजी रावेंद्र सिंह के बेटे दीपक और अंकित की विभाग के अधिकारियों से कहासुनी हुई। विद्युत विभाग के अधिकारियों पर किसान से अभद्रता करने का आरोप लगाया गया है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। आरोप है कि पुलिस और राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर चकरोड के बगल खेत में जबरन विद्युत पोल का गढ़वा दिया। एक्सईएन धर्मराज सिंह, संजय प्रसाद, रितेश दुबे व लेखपाल पुष्पेंद्र मौके पर मौजूद रहे। इस बाबत जगतपुर थाना प्रभारी पंकज त्यागी ने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा पोल लगाया जा रहा था। किसी के साथ कोई अभद्रता नहीं की गई।

### रिश्वत न मिलने पर लगा दी गलत आख्या

**ऊंचाहार :** ऊंचाहार तहसील क्षेत्र के उमरन निवासी हीरालाल का कहना है कि पुस्तैनी भूमि में उनका नाम हीरालाल उर्फ मेवालाल दर्ज है। जबकि अन्य सभी दस्तावेजों में उनका नाम हीरालाल है। जिसे दुरुस्त कराने के लिए उन्होंने तहसीलदार के यहां आवेदन किया था। उनका कहना है कि तहसीलदार ने लेखपाल से इसमें आख्या मांगी तो उन्होंने लेखपाल को आधार कार्ड समेत सभी दस्तावेज उपलब्ध करा दिए। इस दौरान लेखपाल पर रिश्वत मांगने और गलत रिपोर्ट लगाने का आरोप लगाया गया है। पीड़ित किसान ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपा है। एसडीएम राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि उन्हें प्रकरण की जानकारी नहीं है।

### फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास

**बछरावां :** क्षेत्र के मदाखेड़ा निवासी महेश (32) पुत्र निर्मल किसी बात से नाराज होकर शनिवार की सुबह घर के पीछे पेड़ पर रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। इसी दौरान सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने उसे फांसी के फंदे से नीचे उतार कर उसे बछरावां सीएचसी पहुंचाया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### स्कूल में हुई चोरी

**ऊंचाहार :** ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के जूनियर स्कूल डिडौली के प्रधानाध्यापक राजेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि चोरों ने रात में स्कूल का ताला तोड़ डाला और स्कूल में रखा खाद्यान्न तथा अन्य सामान उठा ले गए। शनिवार की सुबह जब वह स्कूल खोलने पहुंचे तो उन्हें इस घटना की जानकारी हुई। जिसके बाद उन्होंने अपने विभागीय अधिकारियों और कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है। कोतवाल अजय कुमार राय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### शीशम का पेड़ काट कर चोरी, दी तहरीर

**जगतपुर :** वन विभाग के वाचर राम सजीवन पुत्र गंगाराम निवासी नवाबगंज थाने में तहरीर दी है। शारदा सहायक नहर की पटरी पर परसा के पुरवा के पास शीशम का बेस कीमती पेड़ भवानी बक्स के पुरवा के रहने वाले दो युवक काट कर उठा ले गए। इसको लेकर उनसे बातचीत की गई तो वह गाली गलौज व जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने लगे। वाचर ने वन विभाग और थाने में तहरीर देकर भवानी बक्स के पुरवा के रहने वाले दो लोगों को नामजद किया। इस बाबत जगतपुर थाना प्रभारी पंकज त्यागी ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है। मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

## निर्माणाधीन टंकी से गिरकर मजदूर की मौत

**ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार।** निर्माणाधीन टंकी से गिरकर एक मजदूर की मौत हो गई है। मामला ऊंचाहार नगर से जुड़े गांव सराय परसू का है । यहां पर हर घर जल योजना के तहत पानी की टंकी का निर्माण हो रहा है। इस टंकी का निर्माण एक ठेकेदार कर रहा है। इसमें फतेहपुर जनपद के रहने वाले संदीप कुमार दिहाड़ी मजदूर के रूप में काम करते थे। शनिवार को काम के दौरान वह करीब 100 मीटर ऊंचाई से नीचे गिर गया। आरोप है कि ठेकेदार ने न उन्हें कोई सुरक्षा बेल्ट दिया था,न ही उनके सुरक्षा का कोई इंतजाम था। यही नहीं मौके पर कोई जिम्मेदार मौजूद नहीं था। हादसे के बाद श्रमिक के साथी मजदूरों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। अस्पताल पहुंचने में उन्हें इतनी देर हो गई कि उससे पहले ही उनकी मौत हो गई थी। मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा दी गई थी।

## नवागत एसपी ने संभाली कमान, मातहतों को दिए दिशा-निर्देश

संवाददाता, रायबरेली

नई तैनाती

- जनता दरबार में बैठ कर लोगों की समस्याओं का किया समाधान

**अमृत विचार।** नवागत पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने शुक्रवार को जिले की कमान संभाल लिया है। जिले में उनकी तैनाती को कानून-व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है।

2015 बैच के आईपीएस अधिकारी रवि कुमार इससे पहले गाजियाबाद में एएसपी व डीसीपी, आगरा कमिश्नरेट में डीसीपी, जालौन, लखनऊ डीसीपी के पद पर तैनात रह चुके हैं। मार्च 2024 में हुए तबादलों के बाद उन्हें सीतापुर स्थित 11वीं बटालियन पीएसी का सेनानायक बनाया गया था। पीएसी में तैनाती के बाद प्रशासनिक समन्वय और अनुशासन को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया। अलग-अलग शहरों में तैनाती के दौरान कानून-व्यवस्था और अपराध नियंत्रण के




नवागत एसपी रवि कुमार। अमृत विचार

क्षेत्र में प्रभावी कार्यशैली का परिचय दिया। सीतापुर पीएसी बटालियन के बाद रायबरेली की कमान प्रदेश सरकार ने सौंपी है। नवागत पुलिस अधीक्षक ने सरकार के विश्वास पर खरा उतरते हुए जिले की कमान संभालते ही जनता दरबार में बैठ कर लोगों की समस्याओं का समाधान किया। दूसरे दिन किरण हाल मे पत्रकारों से रूबरू होते हुए शहर की आबोहवा को परखने की पहल किया। एक दूसरे से रूबरू होते हुए शहर की विभिन्न मूलभूत समस्याओं के बारे मे जानकारी लिया। शहर के अंदर बढ़ते ट्रैफिक, कैमरे व क्राइम पर भी चर्चा करते हुए अपने उत्कृष्ट अनुभव, सशक्त नेतृत्व और कर्तव्यनिष्ठ छवि परिचय दिया।

जिलेवासियों को नवागत पुलिस अधीक्षक से कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा, ट्रैफिक प्रबंधन और साइबर अपराध की रोकथाम के क्षेत्र में नई उम्मीदें हैं। उनका व्यवहारिक दृष्टिकोण और जनता से सीधा संवाद पुलिस-जन सहयोग को और मजबूत करेगा। जिले के लोगों ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में रायबरेली एक सुरक्षित, शांतिपूर्ण जनपद के रूप में जाना जाएगा।

## ट्रक की टक्कर से मासूम की मौत, भाई-बहन गंभीर

**बांदा-बहराइच हाईवे पर स्थित रानीखेड़ा में हुआ हादसा, 200 मीटर तक हाईवे पर घिसटता चला गया मासूम**

शिवगढ़ (रायबरेली)

**अमृत विचार।** बांदा-बहराइच हाईवे पर स्थित रानीखेड़ा में ट्रक की टक्कर से बाइक सवार भाई-बहन गम्भीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को सीएचसी से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं डेढ़ वर्षीय मासूम वेदांश ट्रक के पहिए के साथ करीब 200 मीटर तक हाईवे पर घिसटता चला गया, जिससे घटना स्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के हसनपुर सलेथू गांव निवासी हर्षित पुत्र सूर्यलाल शनिवार को अपनी बड़ी बहन रीना पत्नी मोनू शर्मा निवासिनी केसर खेड़ा मजरे चितवनियां थाना शिवगढ़ को बाइक पर बिठाकर बछरावां अल्ट्रासाउंड कराने के लिए बछरावां गया था। शाम को वापस घर के लिए आ रहा था तभी रास्ते में रानीखेड़ा हनुमान मन्दिर के पास सामने से तेज रफ्तार ट्रक आता देख हर्षित बाइक हाईवे किनारे रोककर खड़ा हो गया। इसके बावजूद बगल से निकले अनियंत्रित ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे भाई - बहन व डेढ़ वर्षीय मासूम वेदांश हाईवे पर गिर पड़े। हादसे में मासूम वेदांश की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं भाई-बहन गम्भीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस ने घायल भाई-बहन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के पश्चात दोनो को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। चिकित्साधिकारी डॉ.सौरभ सिंह ने बताया कि पुलिस वाहन से घायल अवस्था में रीना पत्नी मोनू और हर्षित को पुलिस अस्पताल लेकर आई थी। प्राथमिक उपचार की पश्चात जिन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। शिवगढ़ थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया



रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

कि परिजनों की तहरीर पर अज्ञात ट्रक चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर ट्रक और ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी गई है।

**हर्षित के घर में शादी की खुशियां मातम में तब्दील:** रिश्तेदारों ने बताया कि हर्षित की छोटी बहन का 14 फरवरी को तिलक और 19 फरवरी को शादी है, जिसको लेकर घर में खुशियों का माहौल था। हर्षित बहन की शादी के कार्ड बांट रहा था। उसी सिलसिले में वह अपनी बहन के घर केसरखेड़ा आया था। बहन के कहने पर वह अल्ट्रासाउंड कराने के लिए बहन रीना और भांजे वेदांश को साथ लेकर बछरावां गया था जहां से वह अपनी बहन और भांजे के साथ बाइक से वापस लौट रहा था तभी हादसा हो गया। मासूम की मौत से हर्षित और रीना के घर में परिजनों में कोहराम मच गया है। हर्षित के घर में शादी की खुशियां मातम में तब्दील हो गई।

### तेज रफ्तार ट्रक ने महिला को रौंदा, मौत

**अमावां (रायबरेली) अमृत विचार।** चंदापुर थाना क्षेत्र में रायबरेली-अयोध्या हाईवे पर शनिवार की शाम बकहा गांव के पास एक तेज रफ्तार ट्रक ने अनियंत्रित होकर बाइक से गिरी महिला को रौंद दिया। इससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है की ट्रक के पहियों में फंसी महिला का शव 100 मीटर दूर तक घिसटता चला गया। दुर्घटना के बाद चालक ट्रक समेत मौके से फरार हो गया। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं घटना की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। चंदापुर थाना क्षेत्र के डेडैय़ा मजरे घूराडीह गांव निवासी गंगा प्रसाद अपनी पत्नी जसमता के साथ मोहनगंज अपने रिश्तेदारी गया था, जहां से शनिवार की शाम पत्नी के साथ ही बाइक से घर वापस लौट रहा था। शाम करीब करीब पांच बजे गांव के पास पहुंचते ही गंगा प्रसाद की बाइक अनियंत्रित हो गई और जसमता सड़क पर गिर गई। इसी दौरान गुजर रहे ट्रक की चपेट में जसमता आ गई। हादसे की भयावहता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि ट्रक के पहियों में फंसा जसमता का शव 100 मीटर दूर तक घिसटता हुआ चला गया और चालक टक समेत मौके से फरार हो गया।



जसमता की फाइल फोटो।

### स्मृति सिंह को मिला स्टूडेंट् आफ द ईयर

**सलोन (रायबरेली)।** न्यू स्टेंडर्ड पब्लिक स्कूल बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने जा रहे इंटर फाइनल के विद्यार्थियों के लिए फेयरवेल सेरेमनी आयोजित की गई। मुख्य अतिथि संस्थान के संस्थापक प्रबंध निदेशक डॉ. शशिकांत शर्मा थे। इंटर प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने काव्य शैली में अपने सीनियर्स की व्यक्तिगत खूबियों से परिचय कराते हुए 17 फरवरी से शुरू हो रही बोर्ड परीक्षा में उनके बेहतर सफलता की कामना की। बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए विद्यालय की ओर से नैंसी सिंह को शत-प्रतिशत उपस्थिति का एवार्ड प्रदान किया गया।इसके अतिरिक्त उमेश यादव को 'स्पोर्ट्स परसन आफ द ईयर' स्मृति सिंह को स्टूडेंट् आफ द ईयर', अभिनव तिवारी को 'मिस्टर फेयरवेल' और श्रेया सिंह को 'मिस फेयरवेल' अवार्ड से अलंकृत किया गया। प्रधानाचार्या कामाक्षा सिंह ने भी बच्चों को उनके उज्जवल एवं सफल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी है।




फेयरवेल सेरेमनी में मौजूद शिक्षक व अन्य।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्रों ने मचाया धमाल

**सलोन (रायबरेली)।** निमिषा कॉन्वेंट स्कूल मटका में 12वीं के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक विवेक शुक्ला और कोषाध्यक्ष नीलू शुक्ला द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या रीना मिश्रा ने विद्यार्थियों को "भविष्य का मशाल वाहक" बताते हुए निरंतर परिश्रम एवं ईमानदारी के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। कक्षा 11 के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों, गीतों एवं रैंप वॉक के माध्यम से समारोह को रंगारंग बना दिया। अध्यापिका प्रियंका सिंह, कंचन लता राठौड़, संजय त्रिवेदी का विशेष योगदान रहा।



निमिषा कान्वेंट स्कूल में सम्मानित छात्र-छात्रा।

### विदाई समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम

सर्वोदय विद्यापीठ इंटर कॉलेज सलोन में एनसीसी से जुड़े कक्षा 12 के छात्र-छात्राओं के लिए कक्षा 11 के विद्यार्थियों द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रबंधक डॉ. जितेंद्र कुमार सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। प्रधानाचार्य अमित कुमार भारती ने विद्यार्थियों को आशीर्वचन देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## युवती से दुष्कर्म और धर्म परिवर्तन का आरोपी गिरफ्तार

सलोन (रायबरेली)

- देर रात एएसपी ने पीड़िता से की बात, होटल का किया निरीक्षण

**अमृत विचार।** शादी का झांसा देकर होटल में दुष्कर्म, जबरन मांस खिलाने और गर्भपात कराने के प्रकरण में सलोन पुलिस एक्शन में है। पीड़िता की मां की शिकायत पर हरकत में आई पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुख्य अभियुक्त समेत सात लोगो के विरुद्ध गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्जकर जांच शुरू कर दी है। एक आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया।

सलोन के एक होटल में दलित युवती के साथ दुष्कर्म किये जाने की घटना के बाद अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा देर रात सलोन कोतवाली पहुंचे। यहां उन्होंने पीड़िता से उसकी आपबीती सुनी। इसके बाद जिस होटल पर लड़की के साथ,शादी के नाम पर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया, वहां अधिकारियों का अमला पहुंचा। देर रात एएसपी संजीव सिन्हा जिस होटल में दुष्कर्म हुआ वहां पहुंचे। यहां बिंदुवार जांच पड़ताल और होटल संचालक से पूछतांछ की है। कोतवाली प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि दुष्कर्म के आरोपी मोहम्मद मुकीम को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। घटना की विवेचना प्रचलित है।

**होटलों में देह व्यापार पर पुलिस ने झाड़ा पल्ला:** विदित हो कि पूर्व में क्षेत्र के लोगो ने कई बार होटलों में देह व्यापार जैसे घिनौने कृत्य की जानकारी पुलिस को दी थी। लेकिन तत्कालीन प्रभारी द्वारा यह कहकर पल्ला झाड़ लिया गया कि होटलों में आने वाले लोग बालिग है, वह अपनी मर्जी से कही आ जा सकते है। पुलिस इसमें कुछ नही कर सकती। इससे इसमें संलिप्त होटल स्वामियों का मनोबल काफी बढ़ गया था।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**बछरावां (रायबरेली)।** लखनऊ-प्रयागराज रेल खंड मार्ग पर क्षेत्र के सारी खेड़ा गांव के पास शनिवार की दोपहर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने इसकी सूचना रेल विभाग को दी। सूचना पाकर आरपीएफ तथा पुलिस ने पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस पहचान कराने के प्रयास कर रही है।

## सर मेरे पापा नहीं जमा कर रहे स्कूल फीस...

संपूर्ण समाधान दिवस

- छात्र की आपबीती सुनकर भावुक हुए एसडीएम

सलोन, रायबरेली

**अमृत विचार।** सर, मेरे पापा स्कूल की फीस नहीं दे रहे। अगर फीस नहीं भरी तो वह बोर्ड एग्जाम नहीं दे पाएगा। पापा से कहो कि दो साल की फीस भर दें.... शनिवार को तहसील परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस में एक इंटर के छात्र ने अपने पिता के विरुद्ध स्कूल फीस न भरने की शिकायत की। जिसे सुनकर सभी लोग अवाक रह गए। एसडीएम समेत मौजूद अधिकारी असमंजस में पड़ गए।

दरसअल सांडा सैदन निवासी छात्र राजपाल ने अपने पिता राम बालक के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई है। आरोप है कि वह मॉर्डन पब्लिक स्कूल में इंटर का छात्र है। बीते दो वर्षों से उसके पिता ने स्कूल फीस नहीं भरी है। अगर समय रहते फीस नहीं दी गई तो बोर्ड एग्जाम नहीं दे पाएगा। वहीं मामले को गम्भीरता से लेते हुए एसडीएम ने सलोन कोतवाल अनिल कुमार सिंह को निर्देशित कर मामले के निस्तारण का आदेश दिया है। इसी तरह एक अन्य प्राइवेट विद्यालय में दो सगे भाइयों को फीस जमा न होने पर स्कूल प्रशासन द्वारा पेपर देने से वंचित करने की शिकायत एसडीएम से की गई। एसडीएम ने बीईओ को निर्देशित कर निस्तारण के लिए कहा है। बीईओ सुधा वर्मा ने बताया कि दोनों छात्र विद्यालय में परीक्षा दे रहे हैं। प्रधानाचार्या से बात हो गई है।

**कार्यालय में बेहतर रखरखाव का दिया निर्देश:** एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ कुमार ने महराजगंज के उप जिला अधिकारी, तहसीलदार, अभिलेखागार, इंतखाब खतौनी कार्यालय, निर्वाचन कार्यालय और कोषागार का गहन निरीक्षण किया। अभिलेखों की गहनता से जांच की उपस्थित कर्मचारियों को निर्देश दिया कि सभी लोग अपने-अपने कार्यों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए फरियादियों को त्वरित न्याय दिलाते रहे। वहीं अधिवक्ता संघ ने नायब तहसीलदार के खिलाफ ज्ञापन एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ कुमार को सौंपा।



समाधान दिवस पर में फरियादियों की समस्याओं को सुनते एसडीएम व अन्य।

### कार्यालयों में समय से मौजूद रहकर करें कार्यवाही : एडीएम प्रशासन

**महराजगंज (रायबरेली)।** संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे एडीएम प्रशासन सिद्धार्थ कुमार ने सख्त लहजे में अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सरकार की मंशा है कि सभी विभाग के अधिकारी 10 बजे से 12 बजे तक अपने-अपने कार्यालय में बैठकर जनता की समस्याएं सुने और उस पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करें। लापरवाही बरतने वाले अधिकारी व कर्मचारी बख्शे नहीं जाएंगे। अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा के साथ एडीएम ने लोगों की समस्याओं को सुना। बछरावां के रवि कुमार ने परिवार रजिस्टर में गड़बड़ी की शिकायत की।इस दौरान 44 शिकायतों में से 4 का मौके पर निस्तारण किया गया। इस दौरान उप जिलाधिकारी गौतम सिंह, क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार, खंड विकास अधिकारी वर्षा सिंह, नायब तहसीलदार उमेश चंद्र त्रिपाठी, पूर्ति निरीक्षक मुकेश कुमार पांडे, अवधेश चतुर्वेदी, कानूनगो उमेश कुमार त्रिपाठी, आबिद अली, अहमद अली आदि मौजूद रहे।

### जरूरतमंदों की मदद सबसे बड़ी सेवा: कुलदीप

**संवाददाता, रायबरेली।** लालगंज क्षेत्र के हरीपुर निहस्था गांव में अखंड राष्ट्रवादी पार्टी उत्तर प्रदेश युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप सिंह द्वारा मां स्व. रामकुमारी सिंह की पुण्यतिथि पर कंबल का वितरण किया गया है। उन्होंने कहा कि मां के आदर्शों को अपनाकर जरूरतमंदों की सेवा को प्रथम कर्तव्य मानकर चल रहा हूं। आगे भी इसका निर्वहन करता रहूंगा। जरूरतमंदों की मदद ही सबसे बड़ी सेवा है। इस अवसर पर सोनू सिंह, शालू सिंह, सुयश विक्रम सिंह, अथर्व प्रताप सिंह, आरुष विक्रम सिंह, दिनेश प्रताप सिंह, प्रदीप सिंह, राजेन्द्र सिंह, संतोष सिंह, शिव कुमार, शिव बहादुर सिंह, रज्जन सिंह चौहान, रन बहादुर सिंह, अंकित सिंह आदि उपस्थित रहे।



कंबल वितरण करते अतिथि।

### नवोदय में प्रवेश परीक्षा संपंन

**महराजगंज (रायबरेली)।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु कक्षा 9 एवं 11 की प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं नकल-विहीन वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। प्राचार्य डॉ. एसपी त्रिपाठी ने बताया कि कक्षा 9 में प्रवेश हेतु कुल 438 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 312 परीक्षार्थी उपस्थित रहे तथा 126 अनुपस्थित रहे। वहीं कक्षा 11 में प्रवेश हेतु कुल 82 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें 37 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 45 अनुपस्थित रहे। परीक्षा के सफल संचालन में उपप्राचार्य डॉ. यज्ञनाथ मिश्रा, विनीत कुमार पाठक, शफक शमसी, ओपी सिंह, दिनेश कुमार दुबे, एमएन तिवारी, अवनीश सिंह का सहयोग सराहनीय रहा।

### व्यापारी नेता के निधन से शोक की लहर

**रायबरेली, अमृत विचार।** शनिवार को गौरा कोठी स्थित आवास पर व्यापारी नेता संतोष कुमार गुप्ता ने अंतिम सांस ली। वे अपने पीछे पत्नी व दो विवाहित पुत्रियां व एक विवाहित पुत्र का भरा पूरा परिवार छोड़ कर गये हैं। वे विगत सात- आठ माह से अस्वस्थ चल रहे थे। छोटे भाई राकेश गुप्ता ने बताया कि अंतिम संस्कार रविवार को ऊंचाहार क्षेत्र के गोला घाट पर किया जाएगा। निधन की सूचना अवधेश कुमार वर्मा के कैपरगंज स्थित प्रतिष्ठान पर वरिष्ठ व्यापारी नेता इंद्र कुमार वर्मा की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन कर उनकी आत्मा की शांति के लिए व इस दुख की घड़ी में परिवार को धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की गई। शोक सभा में अता मोहम्मद, संतोष कुमार गुप्ता, पंकज कसौटी, मनोज सोनकर, सचिन कसौधन, अनन्त राम श्रीवास्तव आदि ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया।



संतोष कुमार।

### मतदाता और निर्वाचन अधिकारी के बीच गरमा गरम बहस का वीडियो वायरल

**बछरावां (रायबरेली), अमृत विचार।** विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत एक पंचायत भवन के प्रांगण में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) के अंतर्गत दावे एवं आपत्तियों के लिए मतदाताओं को जारी नोटिस के संबंध में एक मतदाता के द्वारा निर्वाचन अधिकारी से जानकारी लेने के दौरान मतदाता और निर्वाचन अधिकारी के बीच हुई गरमा-गरम बहस का वीडियो बड़ी तेजी के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वायरल वीडियो के विषय में जब अत्यधिक पड़ताल की गई तो पता चला कि यह वायरल वीडियो विकास क्षेत्र के अंतर्गत रानीखेड़ा ग्राम सभा के पंचायत भवन प्रांगण का है, जो बीते 5 फरवरी दिन गुरुवार का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में साफ तौर पर देखा एवं सुना जा सकता है कि, उक्त ग्राम सभा में निर्वाचन अधिकारी के रूप में तैनात आईएसबी एडीओ बछरावां हरीकरण सिंह एवं एक मतदाता के बीच उक्त अभियान के अंतर्गत जरूरी कागजों को लेकर कुछ गरमा-गरम बहस होती हुई दिखाई दे रही है। वहीं बहस को रुकवाने के लिए कुछ लोग मौके पर भी टीका टिप्पणी करते हुए नजर आ रहे हैं। बहस अत्यधिक बढ़ती गई और बहस के दौरान उक्त निर्वाचन अधिकारी हरीकरण सिंह के द्वारा उक्त मतदाता को दिक्कत में पड़ जाने की चेतावनी एवं धमकी दी जा रही है। साथ ही साथ उक्त मतदाता के द्वारा यह भी कहा जा रहा है कि मैं सुबह से यहां पर खड़ा हूं आप मुझे क्यों नहीं बताते कि आपको क्या-क्या कागजात चाहिए। क्षेत्रीय लोग वायरल वीडियो पर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं देते हुए नजर आ रहे हैं।

प्रेसवार्ता

**जिला अध्यक्ष इ.वीरेंद्र यादव बोले-सपा समर्थित मतदाताओं के नाम साजिशन वोटर लिस्ट से काटने का किया जा रहा कुचक्र**

## सपा का आरोप, फॉर्म-7 का दुरुपयोग करा रही भाजपा

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** सुपर मार्केट स्थित सपा कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में जिला अध्यक्ष इ.वीरेंद्र यादव ने कहा कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूचियों में एसआईआर के तहत जनपद रायबरेली के बूथों पर निर्वाचन कर्मियों द्वारा मतदाता सूचियों में नाम जोड़ने, काटने, संशोधन के लिए क्रमशः फॉर्म-6, 7 व 8 भरे जा रहे हैं। सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा एसआईआर प्रक्रिया में फॉर्म 7 का सहारा लेकर बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी समर्थित मतदाताओं के नाम साजिशन वोटर लिस्ट से काटने का कुचक्र किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसमें समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों




पत्रकारों वार्ता में बोलते सपा जिलाध्यक्ष इं. वीरेंद्र यादव व अन्य। अमृत विचार

के नाम भी फर्जी फॉर्म-7 भरे गए हैं इस अलोकतांत्रिक कार्य में भाजपा के नेताओं,पदाधिकारियों द्वारा बड़ी संख्या में फर्जी रूप से मतदाताओं के नाम मतदाता सूचियों से कटवाने के लिए फॉर्म 7 कंप्यूटर से प्रिंटेड फॉर्म भराकर समाजवादी पार्टी समर्थित मतदाताओं के नाम काटने हेतु बूथों-बूथों पर बड़े बड़े बंडलों में बीएलओ एवं सुपरवाईजर के पास जमा करा रहें हैं।

विधायक हरचंदपुर राहुल लोधी ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र हरचंदपुर के कई बूथों पर बड़ी मात्रा में पीडीए मतदाताओं के फर्जी फॉर्म 7 जनपद के ताक़तवर भाजपा नेता के द्वारा सपा का वोट काटने के लिये भराये गये हैं। सपा प्रदेश सचिव डॉ.शशिकांत शर्मा ने कहा कि जब फॉर्म 7 भरने वाले आवेदक/शिकायतकर्ता की पहचान ग़लत मिल रही है। इस मौके पर दिव्यम्वर सिंह, चौ.सुरेश निर्मल, वरिष्ठ अधिवक्ता डीपी पाल, ब्रजेन्द्र चौधरी, राकेश यादव, जेपी यादव, योगेश्वर पटेल, जगदेव यादव, पुत्तन सिंह आदि उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत कल्प की दिशा में बढ़ रहा: राकेश सचान

**संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार।** केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर पत्रकारों से रूबरू होते हुए प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत कल्प की दिशा में बढ़ रहा है। गरीब, किसान, महिला, युवा के सशक्तिकरण के लिए करीब 53 .5 लाख करोड़ रुपये के ऐतिहासिक बजट के लिए प्रधानमंत्री जी और वित्तमंत्री निर्मला सीता रमन जी का हार्दिक अभिनन्दन है। केन्द्रीय बजट 2026 उत्तर प्रदेश के सर्वागीण विकास को गति देने वाला बजट है। यह बजट गरीब, किसान, युवा महिला और माध्यम वर्ग को समर्पित है। इससे उत्तर प्रदेश को इन्फ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, स्वास्थ्य,और तकनीक के क्षेत्र में विशेष प्राथमिकता मिलेगी। जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी ने कहा कि बजट में खादी, हथकरघा और हस्तशिल्प को बढ़ावा देने के लिए 'महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल' शुरू करने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त होगी और बुनकरों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। सभी जिलो में इमरजेंसी ट्रामा सेंटर स्थापित किए जाएंगे। कैंसर और डायबिटीज की दवाइया सस्ती होगी। जिला महामंत्री शरद सिंह, जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह, जन्मेजय सिंह, दल बहादुर सिंह ,अपना दल जिलाध्यक्ष सत्येंद्र पटेल, अनुज मौर्या, अभिषेक वर्मा, रवि चौधरी आदि रहे।




बजट पर जानकारी देते जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सचान व जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी। अमृत विचार

## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया बूथों का भ्रमण

**लालगंज (रायबरेली):** भाजपा के प्रांतीय परिषद सदस्य और डलमऊ के प्रवासी सुशील शुक्ला ने दीपे मऊ शक्ति केंद्र पर पहुंचकर संयोजक इंद्रजीत सिंह के साथ कई बूथों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने नए मतदाता जोड़ने के कार्य के बाबत विचार विमर्श किया। बूथ अध्यक्ष बजरंग बहादुर सिंह और गुलाब सिंह को भी 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की उम्र पूर्ण करने वाले और गांव में नई बहू के भी फार्म भरवाने के लिए सचेत किया। इस मौके पर बूथ लेवल ऑफिसर तारावती और विक्रम भी मौजूद रहे। दोनों बूथ पर अधिकांश फॉर्म भर गए हैं।

### बिना चुनाव के कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त करने से छाया आक्रोश

**बछरावां (रायबरेली):** शनिवार को विकासखंड परिसर के सभागार में सफाई कर्मचारियों की एक बैठक संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष नीरज चौरसिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मौजूद सफाई कर्मचारियों ने पूर्व के दिनों में जनपद की कार्यकारिणी के द्वारा बिना चुनाव कराए ब्लॉक में कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर विरोध प्रदर्शन किया गया। बैठक में मौजूद सफाई कर्मचारियों ने जिलाध्यक्ष/मंत्री पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ रायबरेली, खंड विकास अधिकारी बछरावां, जिला पंचायत राज अधिकारी रायबरेली, प्रदेश अध्यक्ष/मंत्री पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश को दिए शपथ पत्र में कहा गया है कि विकासखंड बछरावां संगठन में ब्लॉक अध्यक्ष/ ब्लॉक कार्यकारिणी का निर्वाचन जब तक नहीं कराया जाएगा तब तक नीरज कुमार चौरसिया (ब्लॉक अध्यक्ष विकासखंड बछरावां) को ही हम सब अपना कार्यवाहक ब्लॉक अध्यक्ष स्वीकार करेंगे। इस मौके पर राजेश कुमार, रामकरण, श्यामलाल, रामलखन, अजय कुमार, सुजीत साहू, जय नारायण, माला, राजू, रामहेत, बिट्टो देवी, रामप्यारी, सुनील कुमार, मालती देवी, सुनीता देवी, गीता देवी, सतीश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

### चोरों ने पार की बाइक

**सिंहपुर (अमेठी):** इन्हौना थाना क्षेत्र के गांव पूरे भाऊदास मजरे सढ़ीया में बेखौफ चोरों ने दरवाजे पर खड़ी मोटर साइकिल पार कर दी । थाना क्षेत्र के गांव पूरे भाऊ दास मजरे सढ़ीया निवासी अजय सिंह पुत्र शत्रोहन सिंह की मोटर साइकिल उनके दरवाजे पर खड़ी थी। शुक्रवार की देर रात में बेखौफ चोरों द्वारा मोटर साइकिल को पार कर दिया गया। शनिवार की सुबह जब दरवाजे से मोटर साइकिल नदारद मिली तो कोहराम मच गया और खोजबीन शुरू की गई लेकिन पता नहीं चल सका है। वाहन स्वामी के पिता शत्रोहन सिंह ने स्थानीय थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी है।

### पर्यटन विभाग की टीम ने मंदिर का किया सर्वे

**लालगंज (रायबरेली):** भाजपा जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी के विशेष अनुरोध पर मुख्यमंत्री के निर्देश पर पर्यटन विभाग की टीम ने गेगासो गंगा घाट पहुंचकर मां संकठा देवी मंदिर परिसर का सर्वे किया। पर्यटन विभाग की टीम में मौजूद आर्किटेक्ट इंजीनियर सैफ खुर्शीद और हिमांशु दिवाकर ने बताया कि मंदिर के सामने विशेष प्रकार का छायादार शेड बनाया जाएगा। इसके अलावा इंटरलॉकिंग सहित शौचालय और नाली निर्माण के कार्य भी होंगे। मंदिर के सामने शेड बन जाने और सौंदर्यीकरण से निशिचत रूप से मंदिर की जहां शोभा बढ़ेगी वहीं श्रद्धालुओं को भी सुविधा मिलेगी। इस दौरान प्रांतीय परिषद सदस्य सुशील शुक्ला, मंडल अध्यक्ष मनोज अवस्थी, जगन्नाथ पांडे, सत्येंद्र बहादुर सिंह, राजेश निर्मल रहे।

# मानक विहीन सामग्री से बन रहे आंगनबाड़ी केंद्र

## संग्रामपुर क्षेत्र का मामला: कई गांवों के लोगों ने घटिया सामग्री उपयोग किए जाने का लगाया आरोप

संग्रामपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** विकास खंड संग्रामपुर क्षेत्र में नव निर्मित और निर्माणाधीन दर्जनों आंगनबाड़ी केंद्रों की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई केंद्रों का निर्माण मानकों की अनदेखी कर घटिया सामग्री से कराया गया है, जिससे भवनों की मजबूती और उपयोगिता पर प्रश्नचिह्न लग गया है।

ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र के भैरोपुर, गूजीपुर और मड़ौली पंचायतों सहित कई स्थानों पर एक ही कार्यदायी संस्था द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कराया गया है। निर्माण कार्य में निम्न गुणवत्ता की ईंट, अधिक बालू मिश्रित मसाला, पतली सरिया, कमजोर दरवाजे और लापरवाही से लगाई गई खिड़कियों का उपयोग किए जाने का आरोप है। कई भवनों में प्लास्टर उखड़ने लगा है और दरवाजों में जंग लग चुकी है। बताया जाता है कि कुछ



कार्यदायी संस्था द्वारा बनवाया गया आंगनबाड़ी केंद्र। अमृत विचार

स्थानों पर अधूरे निर्माण के बावजूद रंगाई-पुताई कराकर भुगतान भी कर दिया गया। भवसिंहपुर में भी तीन आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण इसी संस्था को दिए जाने की बात सामने आई है। यहां पीली और गोड़िया ईंटों से दीवार खड़ी कर प्लास्टर कर दिया गया है, जबकि खरबुजही में निर्माण कार्य अभी जारी है और वहां भी घटिया सामग्री के उपयोग की शिकायत मिल रही है।मड़ौली के आंगनबाड़ी केंद्र की स्थिति और भी चिंताजनक बताई जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि भवन में न बच्चों के लिए शौचालय की व्यवस्था है, न रसोई की समुचित सुविधा। कई दरवाजे बंद नहीं होते और पीछे की दीवार का प्लास्टर अलग होने लगा है। स्थानीय लोगों ने निर्माण कार्यों की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई और मानक के अनुरूप निर्माण सुनिश्चित कराने की मांग की है, ताकि बच्चों को सुरक्षित और उपयोगी आंगनबाड़ी केंद्र मिल सके।

### जलापूर्ति चालू नहीं होने से परेशान आक्रोशित लोगों ने किया प्रदर्शन

**अमेठी, अमृत विचार।** जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल से जल पहुंचाने के सरकारी वादे संग्रामपुर विकासखंड के टेंगहा और शुकुलपुर गांवों में खोखले साबित हो रहे हैं। गांवों में घर-घर नल कनेक्शन तो लगा दिए गए हैं, लेकिन आज तक पानी की आपूर्ति शुरू न होने से ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं में गहरा रोष है। सोमवार को आक्रोशित महिलाओं ने नल चालू न होने के विरोध में प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना है कि लगभग एक वर्ष पूर्व पाइपलाइन का कार्य पूरा कर घर-घर नल लगा दिए गए थे, लेकिन जलापूर्ति अभी तक शुरू नहीं हुई है। इससे सरकार की महत्वाकांक्षी योजना केवल कागजों तक सीमित रह गई है। टेंगहा की सुशीला गुप्ता ने आरोप लगाया कि गांव के पूर्वी हिस्से में पिछले चार महीनों से पानी आ रहा है, जबकि पश्चिमी छोर के लोगों को पानी की एक बूंद भी नसीब नहीं हुई है। वहीं, कुसुम ने बताया कि पानी की व्यवस्था करने में ही उनका अधिकांश समय बीत जाता है। शुकुलपुर गांव के ग्रामीणों ने बताया कि विभाग द्वारा लगाए गए नलों की फिक्सिंग (स्थिरीकरण) नहीं की गई है, जिससे नल क्षतिग्रस्त हो रहे हैं और पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हो पा रही है। इस संबंध में अवर अभियंता सत्यम ने बताया कि टेंगहा गांव में पानी की सप्लाई को लेकर ग्रामीणों के बीच आपसी विवाद था, जिसे ग्राम प्रधान ने सुलझा लिया है और जल्द ही जलापूर्ति शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने आगे बताया कि शुकुलपुर में पाइपलाइन और नल लगाने का कार्य लगभग पूरा हो चुका है, लेकिन इलेक्ट्रिक स्कीम के बजट के कारण कार्य रुका था। अब कार्य पूर्ण हो चुका है और जल्द ही पानी की आपूर्ति शुरू हो जाएगी। विरोध प्रदर्शन के दौरान मौके पर रविंद्र कुमार शुक्ला, फूलचंद्र, राजीव शुक्ला, वेद प्रकाश शुक्ला, मुहम्मद हुसैन, पुल्लर शर्मा, सुशीला गुप्ता, सीमा, अंजलि, सीता, कुसुम, संगममणि, बैजनाथ गुप्ता, अजीत कुमार, वकील सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। इस स्थिति से ग्रामीण सरकार की योजनाओं पर सवाल उठा रहे हैं।


विरोध-प्रदर्शन के दौरान मौजूद महिलाएं।

# गौरीगंज में प्रशासन ने अवैध कब्जे कराए ध्वस्त

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद गौरीगंज के ग्राम पलिया में आम्बेडकर पार्क के लिए आरक्षित 510 वर्ग मीटर भूमि पर हुए अवैध निर्माण को प्रशासन ने ध्वस्त कर दिया है। तहसीलदार सूरज प्रताप और अधिशाषी अधिकारी सुनील कुमार ने राजस्व और पुलिस बल के साथ मिलकर इस कार्रवाई को अंजाम दिया, जिससे पार्क की भूमि कब्जा मुक्त हो गई।

ग्राम पलिया में वर्षों से अम्बेडकर पार्क के लिए संरक्षित भूमि पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से निर्माण कर लिया गया था। इस अतिक्रमण को हटाकर भूमि को सार्वजनिक उपयोग के लिए पुनः प्राप्त करने का निर्णय लिया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई से स्थानीय निवासियों ने राहत की सांस ली है।

तहसीलदार की सीधी निगरानी में राजस्व विभाग और स्थानीय

**कार्रवाई**


अतिक्रमण ढहाता बुलडोजर।

पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया। इस दौरान किसी भी प्रकार के विरोध को रोकने के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक भूमि पर किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे निर्माणों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस कार्रवाई से भविष्य में इस तरह के अतिक्रमण को रोकने में मदद मिलेगी।

# समयदान और अंशदान से श्रेष्ठ बनता है मानव

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** शनिवार को गायत्री शक्तिपीठ में गायत्री परिवार के परिजनों की जनपद स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में आए बड़ी संख्या में लोगों ने अपने पूर्व अनुभवों को साझा करते हुए आगामी समय में समय दान, श्रमदान, अंशदान के साथ समाज को विकास के पथ पर आगे ले जाने के लिए कमर कसी।

गायत्री शक्तिपीठ अमेठी में आयोजित जिला स्तरीय कार्यकर्ता संगोष्ठी में गायत्री परिवार के परिव्राजक इंद्रदेव शर्मा ने प्रज्ञा गीत "समयदान और अंशदान मानव को श्रेष्ठ बनाता है" के माध्यम से सेवा, साधना और समर्पण के भाव को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। कहा कि समयदान और अंशदान को जीवन में अपनाने वाला व्यक्ति ही सच्चे अर्थों में श्रेष्ठ मानव बनता है।संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला समन्वयक डॉ॰ त्रिवेणी सिंह ने कहा कि गायत्री परिवार वर्ष 2026 को शताब्दी वर्ष के रूप में मना रहा है। यह शताब्दी एक पावन त्रिवेणी के


संगोष्ठी में उपस्थित गायत्री परिवार के कार्यकर्ता। अमृत विचार

**● गायत्री परिवार की संगोष्ठी में किया गया आह्वान**

रूप में है, जिसमें वंदनीया माताजी की जन्म शताब्दी, अखंड ज्योति पत्रिका की शताब्दी तथा गुरुदेव की साधना शताब्दी का अद्भुत संगम समाहित है। उन्होंने जानकारी दी कि वर्ष 2026 में गायत्री शक्तिपीठ अमेठी पर 15 अप्रैल से 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का भव्य आयोजन किया जाएगा। साथ ही संगोष्ठी में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि नवरात्रि के प्रथम दिन 19 मार्च से गायत्री मंत्र जप साधना का व्यापक अभियान प्रारंभ किया जाएगा।

कार्यक्रम में युवा समन्वयक डॉ. प्रवीण सिंह दीपक, डॉ. अभिनय प्रताप सिंह, अशोक बरनवाल एवं डॉ. गुड्डू श्रीवास्तव ने शताब्दी समारोह से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। चिरौंजी लाल ने कार्यकर्ताओं को जनसंपर्क विस्तार, समयदान और अंशदान के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर प्रमुख रूप से चिरौंजी लाल, गायत्री सिंह, अशोक लाल सिंह, सुभाष चंद्र द्विवेदी, अखिलेश पांडेय, कैलाश नाथ सिंह, डॉ. दयानंद सिंह, राजेश सिंह, आशीष श्रीवास्तव, अविनाश चंद्र, सुनील श्रीवास्तव, कुसुम शर्मा, मीना, निर्मला सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सांसद ने कांग्रेस नेता को दी श्रद्धांजलि

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** सांसद किशोरी लाल शर्मा ने बीती रात अपने संसदीय क्षेत्र का दौरा कर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. संजय सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। यह दौरा पूर्णतः संवेदनापूर्ण रहा, जिसमें सांसद ने अमेठी तहसील के कोहरा ग्राम पहुंचकर डॉ. संजय सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

कांग्रेस के वरिष्ठ स्तंभ डॉ. संजय सिंह का कुछ समय पूर्व हृदयगति रुकने (कार्डियक अरेस्ट) से आकस्मिक निधन हो गया था। उनके अवसान ने स्थानीय राजनीति और कांग्रेस संगठन में एक बड़ी शून्यता उत्पन्न कर दी है। डॉ. सिंह अपने युवावस्था से ही कांग्रेस की विचारधारा के


श्रद्धांजलि देते सासंद किशोरी लाल शर्मा।

प्रति समर्पित रहे और संगठन में विभिन्न महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया। वहीं सांसद किशोरी लाल शर्मा ने शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने डॉ. सिंह के अमूल्य योगदान को याद करते हुए कहा कि डॉ. संजय सिंह का जाना न केवल कांग्रेस पार्टी के लिए, बल्कि व्यक्तिगत रूप से उनके लिए और पूरे अमेठी परिवार के लिए एक भारी क्षति है। उन्होंने डॉ. सिंह को जनसेवा और वैचारिक प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया।

इस शोक सभा के दौरान सांसद किशोरी लाल शर्मा के साथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल, डॉ. अरविंद चतुर्वेदी सहित जनपद के कई गणमान्य नेता और क्षेत्रीय नागरिक भी मौजूद रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

बता दें कि डॉ. संजय सिंह एक सुशिक्षित और प्रतिष्ठित पृष्ठभूमि से आते थे। वे पूर्व सांसद रविन्द्र प्रताप सिंह के पारिवारिक सदस्य थे। उनके पिता उमानाथ सिंह अमेठी डिग्री कॉलेज में इतिहास के एक प्रख्यात प्रोफेसर थे, जिनकी विद्वत्ता की चर्चा आज भी क्षेत्र में होती है। डॉ. सिंह ने अपने पिता की शैक्षणिक विरासत और राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

# डीएम को अपने बीच पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे

संवाददाता, सिंहपुर (अमेठी)

**अमृत विचार।** सिंहपुर विकासखंड के फूला गांव स्थित जीवन पथ दिव्यांग विद्यालय में शनिवार को जिलाधिकारी संजय चौहान ने निरीक्षणकर विद्यालय में अध्ययनरत नेत्रहीन दिव्यांग बच्चों से मुलाक़ात की और कुशलक्षेम पूछी तो बच्चों के चेहरे खिल उठे।

जिलाधिकारी अमेठी को अपने बीच पाकर बच्चे बहुत ही खुश दिखाई दिए। बच्चों द्वारा जिलाधिकारी को अपना परिचय देने के बाद कई संगीतमयी सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए । जिस पर जिलाधिकारी ने उनका उत्साह वर्धन करते


विद्यालय में मौजूद डीएम व अन्य।

हुए बच्चों को हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया ।

इस दौरान छात्र प्रदीप दुबे , अंशु, लक्ष्मी, आशीष, अजय के साथ मुख्य चिकित्साधिकरी अंशुमान सिंह, जिला पंचायत राज मनोज त्यागी अधिकारी , बीएसए संजय तिवारी, एसडीएम तिलोई अमित सिंह आदि मौजूद रहे।

# रेलवे गेट के अंदर फंसी ट्रैक्टर ट्रॉली, टल गया हादसा

बछरावां (रायबरेली)

**अमृत विचार।** शनिवार की सुबह निरीक्षण यान रायबरेली से लखनऊ की ओर जा रहा था। इसी को लेकर गेटमैन ने क्रॉसिंग बंद कर दिया। जब क्रॉसिंग बंद हो रही थी तभी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली बछरावां से लालगंज की ओर जा रही थी और इस दौरान ट्रैक्टर आगे का हिस्सा आगे निकल गया और ट्रॉली पीछे रह गई। तब तक गेट बंद हो गया। यह देख वहां पर मौजूद लोगों के हाथ-पांव फूल गए। मौके पर गेटमैन दौड़कर आया और लोगों की मदद से उक्त ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे कराया। गनीमत रही की कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। इस बारे में आरपीएफ के चौकी इंचार्ज चंद्रभूषण राय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

**सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल, बछरावां:** उन्नाव जनपद के चिलौली मजरे सरेदां निवासी महेंद्र (20) पुत्र राम शंकर अपने दोस्त कुलदीप (18) पुत्र चंद्रपाल के साथ बाइक से चाचा के घर सेहगों जा रहे थे। वह जैसे ही टोल प्लाजा के पास पहुंचे तभी पीछे से किसी से अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। इस हादसे में दोनों घायल हो गए। दोनों घायलों को एंबुलेंस से बछरावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया।


रेलवे गेट के अंदर फंसी ट्रैक्टर-ट्रॉली।

### पुजारी की सड़क दुर्घटना में मौत

**अमेठी।** थाना संग्रामपुर क्षेत्र के संग्रामपुर निवासी और कालिकन मंदिर के पुजारी हरिकृष्ण मिश्रा का सड़क दुर्घटना के बाद इलाज के दौरान शुक्रवार की रात मौत हो गई। 45 वर्षीय हरिकृष्ण मिश्रा पुत्र गोविंद नारायण मिश्रा अपनी मोटरसाइकिल से कालिकन-चंद्रिकन मार्ग से संग्रामपुर स्थित अपने घर लौट रहे थे। मार्ग में खरेथू मोड़ के पास एक आवारा कुत्ता अचानक उनकी मोटरसाइकिल के सामने आ गया, जिससे वे संतुलन खो बैठे और गिर गए। इस दुर्घटना में उनके सिर में गंभीर चोट आई और घटनास्थल पर काफी खून बह गया था।


हरिकृष्ण की फाइल फोटो।

### गाजे-बाजे, जयघोष के साथ निकली कलश यात्रा

**मुसाफिरखाना (अमेठी)।** क्षेत्र के हाजीगंज गांव स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में आयोजित होने जा रही श्रीराम कथा के शुभारंभ से पूर्व शनिवार को भव्य एवं दिव्य कलश यात्रा निकाली गई। यह कलश यात्रा बोल बम कांवरिया संघ के तत्वावधान में गाजे-बाजे, जयघोष और अबीर-गुलाल के साथ निकाली गई, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया। कलश यात्रा का शुभारंभ हाजीगंज गांव के शिव मंदिर प्रांगण से यात्रा को विधिवत रवाना कर किया गया। जय श्रीराम और बोल बम के नारों के साथ यात्रा आगे बढ़ती रही। यात्रा सर्वप्रथम निजामुद्दीनपुर हनुमान धाम पहुंची वहाँ दर्शन पूजन के साथ दादरा स्थित प्रसिद्ध हिंगलाज धाम पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात कलश यात्रा भददौर होते हुए निजामुद्दीनपुर घाट पहुंची। निजामुद्दीनपुर घाट पर महिलाओं ने विधि-विधान से गोमती नदी का पवित्र जल कलशों में भरा। इसके बाद यात्रा पुन : कार्यक्रम स्थल हाजीगंज शिव मंदिर परिसर पहुंचकर शांतिपूर्वक संपन्न हुई। कलश यात्रा में अंजनी श्रीवास्तव, अतुल सिंह, रवि तिवारी, राणा प्रताप यादव, जंगबहादुर यादव, रामबख्श सरोज, जगदीश यादव, जोखन राम, मनोज, राजेश, बृजलाल, मुकेश निषाद, अर्जुन, रणजीत, मिठाई लाल,काशी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु व ग्रामवासी मौजूद रहे।


कलश यात्रा के दौरान शामिल महिलाएं।

### एसडीएम के विरुद्ध अधिवक्ताओं को प्रदर्शन जारी

**मुसाफिरखाना (अमेठी)।** स्थानीय बार एसोसिएशन मुसाफिरखाना के अध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला व सचिव राजीव कुमार तिवारी के नेतृत्व में तहसील परिसर में एसडीएम अभिनव कुमार के तबादले व एसडीएम की आय से अधिक संपत्ति की निष्पक्ष जांच कराने जैसे अन्य मांगों को लेकर शनिवार को लगातार 38 वें दिन भी सैकड़ों अधिवक्ताओं ने एसडीएम के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। शुक्रवार को एसडीएम अभिनव कुमार के तबादले की मांग को लेकर बार एसोसिएशन अध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला व सचिव राजीव कुमार तिवारी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने स्थानीय तहसील परिसर में एसडीएम के विरुद्ध जोरदार प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। बार एसोसिएशन अध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ला ने बताया कि एसडीएम अभिनव कुमार अधिवक्ताओं और वादकारियों के साथ दुर्व्यहार करते हैं। अधिवक्ताओं का प्रदर्शन पिछले एक माह से चल रहा है। किन्तु अभी तक शासन की तरफ से कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई। वहीं अधिवक्ताओं ने 30 व 31 जनवरी को सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक तहसील गेट पर जबरदस्त धरना प्रदर्शन कर प्रशासन को आगाह कर चुके हैं। फिलहाल बार एसोशिएशन मुसाफिरखाना व उपजिलाधिकारी अभिनव कुमार के बीच जारी खींचतान का अंत होता नहीं दिख रहा है। इस मौके पर शिव पाठक,केके सिंह,जगतराम पाल,विन्देश्वरी मिश्रा,केपी श्रीवास्तव,केके शुक्ला,सोम प्रकाश मिश्रा,गणेश प्रसाद शुक्ला, प्रमोद श्रीवास्तव,राजेश सिंह, पवन तिवारी,संजय मिश्रा, सुग्रीव मिश्रा, अंजनी मिश्रा,संजय शुक्ला, कृष्णानंद मिश्रा रमाशंकर तिवारी,अश्विनी श्रीवास्तव, नवनीत चौबे,ललित चौबे,सत्यभान सिंह,संदीप तिवारी,विनय श्रीवास्तव, जय हिंद शर्मा, अखिलेश पाण्डेय,वीरेंद्र यादव,सत्यम शुक्ला संतोष सिंह एसपी यादव तथा हनुमान प्रसाद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।


तहसील में विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्ता।

### कंस वध और रुक्मिणी विवाह की सुनाई कथा

**अमेठी, अमृत विचार।** क्षेत्र के दलशाहपुर गांव में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन कथा व्यास ने कंस वध और रुक्मिणी विवाह कि कथा प्रसंग को सुनाया। कथा में क्षेत्र के बड़ी संख्या में लोगों की मौजूदगी रही। कंस के अत्याचारों से त्राहि त्राहि कर रहे मथुरा वासियों की पुकार सुन भगवान श्री कृष्ण ने कंस के अत्याचारों से लोगों को मुक्त कराया। कंस वध से मथुरा वासी प्रसन्न होकर भगवान श्री कृष्ण के जयकारे लगाने लगे। यह बातें दलशाह पुर गांव में चल रही श्री मद्भागवत कथा में कथा व्यास अमर दास महाराज ने सुनाया। इस मौके पर कथा यजमान के साथ शासकीय अधिवक्ता कालिका प्रसाद मिश्र त्रिवेणी प्रसाद मिश्र,मथुरा मिश्र,संतोष सिंह, चंद्रिका तिवारी, सरिता पांडेय,नीलम मिश्र के साथ सैकड़ो भक्त मौजूद रहे।

### केबल की पहली खेप आईटीआई से रवाना

**रायबरेली, अमृत विचार।** आईटीआई संयंत्र से भारत नेट चरण तृतीय परियोजना के अंतर्गत पूर्वोत्तर राज्य ( नागालैंड एनई - द्वितीय ) के प्रथम खेप 110 किलोमीटर ऑप्टिकल फाइबर केबल को विधिवत पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़कर संयंत्र प्रमुख/ महाप्रबंधक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रबंधन मंडल के अपर - महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं नगर प्रशासन) संजीब अरोरा, अपर - महाप्रबंधक (सतर्कता -उत्तरी क्षेत्र) लथा टी, उप - महाप्रबंधक (विपणन, एनएफएस एवं एलएस) रमेश चंद यादव, उप - महाप्रबंधक (सिविल, केंद्रीय सेवाएं एवं एलएस) नरेंद्र कुमार शर्मा, इकाई सतर्कता - प्रमुख विष्णु दत्त मिश्रा, गुणवत्ता आश्वासन के प्रमुख उप - प्रबंधक बृजेश सिंह सचान, इकाई परियोजना इंद्र नाथ पटेल, सहायक प्रबंधक - जहाजरानी, यूबी सिंह आदि मौजूद रहे। गौरतलब है कि अभी तक लगभग दो लाख किलोमीटर ओएफसी विनिर्माण का कार्यादेश प्राप्त हुआ हैं। इससे पूर्व दो चरणों का कार्य सफलतापूर्वक संपादित हो चुका है । तृतीय चरण में आईटीआई लिमिटेड रायबरेली संयंत्र को मुख्य रूप से अभी तक हिमाचल प्रदेश, प. बंगाल, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और पूर्वोत्तर राज्य का कुल 18 हजार किमी ऑप्टिकल फाइबर केबल आपूर्ति का कार्यादेश प्राप्त हो चुका है। इसमें 110 किमी ऑप्टिकल फाइबर केबल को गुणवत्ता मापदंडों के अनुरूप पाने पर प्रथम खेप को रवाना किया गया।

**समस्या**

## दर्जनों किसानों की लगभग 50 बीघा फसलों में भर गया नइया नाले का पानी

# नाले के पानी से डूब गईं फसलें, किसानों में आक्रोश

महराजगंज (रायबरेली)

**अमृत विचार।** लखनऊ के मोहनलालगंज से निकलकर शिवगढ़ से महराजगंज की ओर आने वाले नइया नाले के पानी से दर्जनों किसानों की लगभग 50 बीघा फसलों में पानी भर गया है। जिससे फसलों को नुक़सान होने की सम्भावना बढ़ गई है। खेतों में लगातार पानी भरने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। जिससे क्षेत्र के किसानों में आक्रोश है। अलीपुर व मझिगवां के किसान रविराज सिंह, शत्रोहन सोनी, गुड्डू सिंह, महेंद्र श्रीवास्तव, अनुराग सिंह, पुत्तीलाल, उमेश सहित दर्जनों किसानों का कहना है कि नैया नाला की सफाई क़रीब दो वर्षों से नही हुई जिससे कई जगहों पर पटरी जर्जर हो गई है। इसके अलावा अधिक जलभराव से पानी उफनाकर उनके खेतों में भर जाता है जिससे फसलें सड़ रही हैं। हम किसानों की फसलें जलमग्न हो गई है जिससे भारी नुकसान की आशंका है।


सरसों के खेत में भरा पानी। अमृत विचार

**धीमी गति से चल रहा पुल का निर्माण,रायबरेली:** महराजगंज-इन्हौना मुख्य मार्ग पर कैर गांव के पास इसी नैय्या नाले पर पुल का निर्माण करीब एक साल से हो रहा है। पुल निर्माण के लिए यहां नैय्या के एक मुहाने पर बांध बनाकर पानी को रोका गया है। एक ही मुहाने से पर्याप्त मात्रा में पानी नही निकल पाने से पीछे के गांवों में नैय्या नाला उफान पर हैं। जिसके कारण किसानों की फसलों में पंद्रह दिनों पूर्व से जलमग्न हैं। उपजिलाधिकारी गौतम सिंह ने बताया कि जानकारी मिली है। पुल निर्माण की प्रगति तेज करने के लिए लोकनिर्माण विभाग को अवगत कराया गया है।


महराजगंज-इन्हौना मुख्य मार्ग पर निर्माणाधीन पुल। अमृत विचार

**पशु चिकित्सालय से डॉक्टर नदारद, पशुपालकों में आक्रोश, जगतपुर:** पशुओं के इलाज में पशु चिकित्सक द्वारा लापरवाही बरतने से पशुपालक में आक्रोश है। पशुपालक बुद्धि लाल निवासी गूंझी सियार के काटने पर अपनी भैंस को लेकर अस्पताल गए थे। वहीं बृजेश साहू पूरे चौहान का पुरवा अपनी गाय के लिए दवा लेने गए थे। अस्पताल में डॉक्टर के न होने से उन्हें बैरंग वापस लौटना पड़ा। सुषमा देवी टांघन अपने कुत्ते को इंजेक्शन लगवाने के लिए गई थी, जहां डॉक्टर के न मिलने पर उसे भी बैरंग वापस लौटना पड़ा। जिसको लेकर पशुपालकों में नाराजगी है। वहीं पशु चिकित्सक दिलीप कुमार ने बताया कि सुदामापुर गौशाला का निरीक्षण करने गए थे।

### चंदन के तीन पेड़ काटकर ले गए चोर

**सिंहपुर (अमेठी)।** शिवरतनगंज थाना क्षेत्र में शुक्रवार की रात सेमरौता व पूरे लक्षिमन देई गांव से शातिर चोरों ने चंदन के बेशकीमती पेड़ पर हाथ साफ कर दिया। सेमरौता कस्बे के निवासी विनय त्रिपाठी ने बताया कि शुक्रवार को परिवार सहित निमंत्रण से देर रात वापस आये थे। सुबह देखा तो घर के पीछे लगे दो चन्दन का पेड़ अज्ञात चोर काट कर उठा ले गए थे। वहीं पूरे लक्षिमन देई गांव निवासी नीरज पाठक ने बताया कि उनके घर के पास से भी बीती रात चोर एक चन्दन का पेड़ काट ले गए हैं । सुबह घटना की जानकारी होने पर पीड़ितों ने मामले की सूचना डायल 112 को दी है। वहीं एसओ दया शंकर मिश्रा ने बताया है कि घटना की मौखिक शिकायत मिली है। लिखित शिकायत मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

